www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

सूर्योदय सुबह 7:23 बजे
सूर्यास्त शाम 5:33 बजे

• साल-1 • अंक-114 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • सोमवार 29 दिसंबर 2025 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

# जम्मू-कश्मीर में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम, IED बरामद

## चिल्लई कलां में भी सेना का शिकंजा कसा, सर्दियों में आतंकियों पर बढ़ाया दबाव

एजेंसी | जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने एक बार फिर सतर्कता दिखाते हुए बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। उत्तरी कश्मीर में सोपोर–बांदीपोरा सड़क पर मंगनीपोरा के पास एक शक्तिशाली IED (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद की गई है। आइईडी मिलने की सूचना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। तुरंत बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया और विस्फोटक को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की गई। एहतियात के तौर पर इस महत्वपूर्ण मार्ग पर यातायात पूरी तरह से रोक दिया गया, ताकि किसी भी तरह की जनहानि से बचा जा सके। इस बीच, खुफिया एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकी खतरे को लेकर हाई अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा एजेंसियों के आकलन के अनुसार, जम्मू क्षेत्र में इस समय 30 से अधिक पाकिस्तानी आतंकवादी सक्रिय बताए जा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि ये आतंकी सर्दियों के मौसम का फायदा उठाकर घुसपैठ, हमले और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश कर सकते हैं।

### 'चिल्लई कलां' में भी सेना की सख्ती

*हालांकि, इस बार भारतीय सेना ने सर्दियों के दौरान मानी जाने वाली 'मौसमी सुस्ती' की धारणा को पूरी तरह खारिज कर दिया है। 21 दिसंबर से शुरू हुए 'चिल्लई कलां', यानी सर्दियों के सबसे कठोर 40 दिनों के दौरान, सेना ने आतंकियों के खिलाफ अपने अभियानों को और तेज कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि आतंकी दुर्गम क्षेत्रों में छिपकर दोबारा संगठित होने और सुरक्षा बलों की नजरों से बचने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सेना ने इस रणनीति को विफल करने के लिए बर्फीले और ऊंचाई वाले इलाकों में भी अपनी मौजूदगी बढ़ा दी है। चिल्लई कलां की शुरुआत के साथ ही अग्रिम शीतकालीन बेस और अस्थायी निगरानी चौकियां स्थापित की गई हैं।*

**▪ बढ़ी गश्त, एजेंसियों में तालमेल...**

*सेना की गश्ती टुकड़ियां पहाड़ी चोटियों, जंगलों और दूर-दराज की घाटियों में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। इन अभियानों में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप, वन विभाग के गार्ड और विलेज डिफेंस गार्ड्स के बीच करीबी तालमेल देखा जा रहा है। खुफिया सूचनाओं का साझा विश्लेषण कर आतंकियों की गतिविधियों की सटीक मैपिंग की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में भी ऑपरेशनों की रफ्तार कम नहीं होगी और सर्दियों के बावजूद आतंकियों को किसी भी हाल में सुरक्षित ठिकाना नहीं बनाने दिया जाएगा।*

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पनडुब्बी आईएनएस वाघषीर में यात्रा की



*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कर्नाटक के कारवाड़ नेवल बेस पर पनडुब्बी (सबमरीन) में यात्रा की। कलवरी क्लास की सबमरीन INS वाघषीर में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी राष्ट्रपति के साथ थे। राष्ट्रपति मुर्मू की कलवरी क्लास सबमरीन में यह पहली और किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, जिन्होंने सबमरीन में यात्रा की थी। कलाम ने फरवरी 2006 में पनडुब्बी यात्रा की थी। राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पनडुब्बी में पहुंची। P75 स्कॉर्पीन प्रोजेक्ट की छठी और अंतिम पनडुब्बी INS वाघषीर को जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।*

## न्यूज ब्रीफ

### मां ने बेटी की गला घोंटकर की हत्या

**मुंबई|** नवी मुंबई के कलांबोली इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने अपनी 6 वर्षीय बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला बेटे की चाहत रखती थी और बच्ची के मराठी की बजाय हिंदी बोलने से नाराज रहती थी। आरोपी ने हत्या को छिपाने के लिए बच्ची की मौत को हार्ट अटैक बताया। हालांकि, मौत संदिग्ध लगने पर पुलिस ने विशेष पोस्टमार्टम करवाया, जिसमें सांस की नली में रुकावट के संकेत मिले। इसके बाद माता-पिता से करीब छह घंटे तक पूछताछ की गई, जिसमें महिला ने अपराध कबूल कर लिया।

### दिव्यांग महिला से दुष्कर्म का आरोप

**पुरी|** ओडिशा के पुरी जिले में एक दिव्यांग महिला से कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात ब्रह्मगिरि थाना क्षेत्र में हुई। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में बताया गया है कि एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति उस समय उसके घर में घुस आया, जब परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे। आरोप है कि आरोपी ने इस दौरान महिला के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

### बरेली रेस्टोरेंट में हंगामा मारपीट का आरोप

**बरेली।** यूपी के बरेली में एक रेस्टोरेंट में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बर्थडे पार्टी के दौरान हंगामा किया। बताया गया कि एक नर्सिंग छात्रा अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रही थी, जिसमें 6 लड़कियां और 4 लड़के शामिल थे। समूह में दो मुस्लिम छात्र भी मौजूद थे। आरोप है कि कुछ देर बाद करीब 25 कार्यकर्ता रेस्टोरेंट में घुस आए और 'लव जिहाद' का आरोप लगाते हुए दोनों मुस्लिम छात्रों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# असम पुलिस ने 1 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थों किए जब्त



एजेंसी | आंगलोंग

असम के कार्बी आंगलोंग जिले में पुलिस ने नशीले पदार्थों और तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अफीम और अवैध सिगरेटें जब्त की हैं। इस बारे में जानकारी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि अलग-अलग अभियानों के तहत करीब 19 किलोग्राम अफीम, जिसकी अनुमानित कीमत 1.20 करोड़ रुपये है, बरामद की गई है। इसके अलावा म्यांमार (बर्मा) से तस्करी कर लाई गई 40 कार्टन संदिग्ध सिगरेटें भी जब्त की गई हैं। हालांकि, इन दोनों कार्रवाइयों में किसी गिरफ्तारी का जिक्र नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री सरमा ने अपने पोस्ट में व्यंग्यात्मक अंदाज में तस्करों को चेतावनी देते हुए लिखा, "चाहे आप कार्बी आंगलोंग के 'हाइजनबर्ग' हों या अवैध सिगरेट ढो रहे हों, असम पुलिस आपको ढूंढ ही लेगी।

# मालगाड़ी पटरी से उतरी, 34 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

## दुर्घटना के बाद कई डिब्बे नदी में गिरे, ट्रैक दुरुस्ती में 24 घंटे से अधिक लगने की संभावना

एजेंसी | जमुई



शनिवार की देर रात झाझा–जसीडीह रेलखंड के टेलवा बाजार हाल्ट के समीप पुल संख्या 676 पर एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ट्रेनों के परिचालन पर भारी असर पड़ा है। इस रेलखंड से गुजरने वाली दर्जनों एक्सप्रेस, पैसेंजर और मालगाड़ियों के रूट बदल दिए गए हैं। लगभग 34 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनो के परिचालन पर असर पड़ा है। देर रात अप लाइन की 22214 पटना–शालीमार दुरंतो एक्सप्रेस घंटों तक झाझा स्टेशन पर खड़ी रही, जिसे बाद में झाझा से गया–किऊल रेलखंड के रास्ते वापस भेजा गया। इसी प्रकार कई एक्सप्रेस ट्रेनें जमुई एवं मननपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रहीं, जिन्हें वहीं से दूसरे रेलखंड के रास्ते रवाना किया गया। बताया जाता है कि रात करीब 11:30 बजे मालगाड़ी के गार्ड ने झाझा स्टेशन प्रबंधक को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही आधे घंटे के भीतर झाझा से दुर्घटना राहत वाहन घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

**▪ नदी में गिरे आधे से डिब्बे...**

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मालगाड़ी के आधे से अधिक डिब्बे रेलवे ट्रैक से उतरकर नदी में गिर गए हैं। पुल के गार्डर को भी नुकसान पहुंचा है। इसे ठीक करने में लगभग 24 घंटे से अधिक समय लग सकता है, जिससे इस रेलखंड पर सोमवार से पहले परिचालन शुरू होना संभव नहीं है। इस रेलखंड की कई एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों के रद है, जबकि दर्जनों एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर चलाया जाएगा। अगले दो दिनों तक इस रेलखंड के यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, झाझा स्टेशन से पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन निर्धारित समय पर जारी रहेगा।

**▪ निराश होकर लौटे यात्री...**

वहीं, कई यात्रियों को घटना की जानकारी नहीं होने के कारण वे ट्रेन पकड़ने झाझा स्टेशन पहुंचे, जिन्हें निराश होकर वापस घर लौटना पड़ा। इस रेलखंड पर पहली बार इतनी बड़ी संख्या में मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरकर नीचे गिरे हैं। जिस पुल पर यह हादसा हुआ है, उसका गार्डर हाल ही में आसनसोल डिविजन द्वारा बदला गया था। हाजीपुर जान के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि आसनसोल मंडल (पूर्व रेलवे) के लाहाबन-सिमुलतला स्टेशनों के मध्य किमी 344/05 के पास 27 दिसंबर को 23.25 बजे एक मालगाड़ी के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस कारण इस रेलखंड के अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर रेल परिचालन बाधित हो गए हैं। सूचना मिलते हुए आसनसोल, मधुपुर एवं झाझा से एआरटी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए थे एवं परिचालन पुनर्बहाल करने हेतु युद्धस्तर पर कार्य जारी है।

# 'चीनी' कहकर त्रिपुरा के छात्र को चाकुओं से गोदा, मौत

समर न्यूज | देहरादून

देहरादून में त्रिपुरा के 24 वर्षीय एमबीए छात्र एंजेल चकमा की नस्लीय हमले



में घायल होने के करीब दो हफ्ते बाद मौत हो गई। इस घटना के बाद उत्तर-पूर्वी राज्यों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। यह घटना 9 दिसंबर की शाम देहरादून के सेलाकुई इलाके के एक स्थानीय बाजार में हुई थी। एंजेल चकमा अपने छोटे भाई माइकल चकमा के साथ बाजार गए थे, जहां बदमाशों के एक समूह ने उन पर नस्लीय टिप्पणियां कीं और उन्हें बार-बार 'चीनी' कहकर चिढ़ाया। माइकल के अनुसार, एंजेल ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि वे भारतीय हैं। इसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद हमलावरों ने चाकू और धारदार हथियारों से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल एंजेल को ग्राफिक एरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 17 दिनों तक इलाज चलने के बाद दम तोड़ दिया। मौत के बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तीन आरोपियों को जेल भेजा गया है, जबकि दो नाबालिगों को सुधार गृह भेजा गया है।

# हादी मामला: बांग्लादेश पुलिस का दावा, दो संदिग्ध भारत फरार

एजेंसी | ढाका

इनक़िलाब मंचो के नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा करते हुए ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया है कि इस हत्याकांड के दो मुख्य आरोपी बांग्लादेश से फरार होकर भारत पहुंच गए हैं और फिलहाल मेघालय में होने की आशंका है। डीएमपी के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम एंड ऑपरेशंस) एस. एन. एम. नज़रुल इस्लाम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आरोपी फैसल करीम मसूद और आलमगीर शेख स्थानीय सहयोगियों की मदद से हालुगाट सीमा के रास्ते भारत के मेघालय राज्य में दाखिल हुए। पुलिस के अनुसार, सीमा पार करने के बाद उन्हें पहले पुर्ती नामक व्यक्ति ने शरण दी और बाद में टैक्सी चालक सामी उन्हें मेघालय के तुरा शहर ले गया। इस्लाम ने दावा किया कि अनौपचारिक सूचनाओं के अनुसार इन दोनों आरोपियों की मदद करने वाले पुर्ती और सामी को भारत में हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार आरोपियों को वापस लाने के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ औपचारिक और अनौपचारिक दोनों स्तरों पर संपर्क में है। पुलिस ने अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# 'मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता', पार्षद के पति पर लगा दुष्कर्म का आरोप

एजेंसी | सतना



मध्य प्रदेश के सतना जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां रामपुर बघेलान नगर परिषद में एक भाजपा पार्षद के पति पर एक महिला के साथ चाकू की नोक पर दुष्कर्म करने, घटना का वीडियो बनाने और बाद में उसी वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल कर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोपी की पहचान अशोक सिंह के रूप में हुई है, जो करही क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी कथित तौर पर एक पुलिस अधिकारी को गाली देते और पीड़िता को धमकाते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो में आरोपी यह कहते हुए सुना जा सकता है कि "मेरा कुछ नहीं होगा, जहां चाहो शिकायत कर दो।" हालांकि, इस वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पीड़िता ने सोमवार को सतना के पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह को लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत में महिला ने बताया कि यह घटना करीब छह महीने पहले हुई थी, लेकिन आरोपी के आपराधिक प्रभाव और परिवार को जान का खतरा होने के कारण वह चुप रही। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच डिप्टी एसपी मनोज त्रिवेदी को सौंपी है। पीड़िता के अनुसार, आरोपी उसके घर में घुसा, चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया, मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि 20 दिसंबर को आरोपी फिर उसके पास आया, छेड़छाड़ की और वीडियो वायरल करने की धमकी दोहराई।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

**पेज 1 एंकर स्टोरी** MEA का खुलासा, 2021–2025 के बीच सऊदी अरब ने 46,875 भारतीयों को वापिस भेजा

# अमेरिका से नहीं, सबसे ज्यादा भारतीय सऊदी अरब से निर्वासित

समर न्यूज | नई दिल्ली

अमेरिका में आव्रजन नीतियों की सख्ती और ट्रंप प्रशासन की कार्रवाइयों के बावजूद विदेश मंत्रालय (MEA) के ताजा आंकड़ों ने एक अलग ही तस्वीर पेश की है। बीते पांच वर्षों (2021 से 2025) में भारतीय नागरिकों को सबसे अधिक निर्वासित करने वाला देश अमेरिका नहीं, बल्कि सऊदी अरब रहा है।

राज्यसभा में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा दिए गए लिखित उत्तर के अनुसार, विदेशों में भारतीय नागरिकों की हिरासत और निर्वासन के प्रमुख कारणों में वीजा या निवास परमिट की अवधि समाप्त होने के बाद भी रुकना, बिना वर्क परमिट काम करना, श्रम कानूनों का उल्लंघन, नियोक्ता से फरार होना और दीवानी या आपराधिक मामलों में फंसना शामिल हैं। खाड़ी देशों में ये मामले मुख्य रूप से श्रमिकों से जुड़े होते हैं, जबकि अमेरिका में अवैध प्रवेश और वीजा उल्लंघन के मामले अधिक सामने आते हैं। रियाद स्थित भारतीय दूतावास के आंकड़ों के मुताबिक, सऊदी अरब से निर्वासित भारतीयों की संख्या लगातार ऊंची रही है।



वर्ष 2021 में 8,887, 2022 में 10,277, 2023 में 11,486, 2024 में 9,206 और 2025 में अब तक 7,019 भारतीयों को वापस भेजा गया। इस तरह 2021 से 2025 के बीच कुल 46,875 भारतीय नागरिकों का सऊदी अरब से निर्वासन हुआ।

इसके मुकाबले अमेरिका से निर्वासन के आंकड़े काफी कम हैं। वाशिंगटन डीसी सहित विभिन्न भारतीय मिशनों के अनुसार 2021 में 805, 2022 में 862, 2023 में 617, 2024 में 1,368 और 2025 में 3,414 भारतीयों को अमेरिका से निर्वासित किया गया। अन्य अमेरिकी मिशनों—सैन फ्रांसिस्को, न्यूयॉर्क, अटलांटा, ह्यूस्टन और शिकागो—से अधिकांश मामलों में संख्या दो अंकों या कुछ सौ तक सीमित रही।

MEA ने स्पष्ट किया है कि ये आंकड़े इमरजेंसी सर्टिफिकेट जारी किए जाने के आधार पर तैयार किए गए हैं, जिन्हें हिरासत और निर्वासन का विश्वसनीय संकेतक माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, सऊदी अरब में बड़ी संख्या में भारतीय श्रमिकों की मौजूदगी और वहां लागू 'सऊदीकरण' नीतियां इन ऊंचे आंकड़ों की मुख्य वजह हैं।

सरकार ने इस डेटा के जरिए यह स्पष्ट किया है कि अमेरिका को लेकर बनी सख्ती की धारणा पूरी तरह सही नहीं है। वास्तव में खाड़ी देशों में श्रम प्रवासन से जुड़ी चुनौतियां कहीं अधिक गंभीर हैं। सरकार ने प्रवासी भारतीयों से विदेश में वीजा और श्रम नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है और कहा है कि भारतीय दूतावास अपने नागरिकों की सुरक्षा और स्वदेश वापसी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं।

# RSS टिप्पणी पर दिग्विजय सिंह के समर्थन में उतरे शशि थरूर

समर न्यूज | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा आरएसएस की कार्यशैली की तारीफ करने के बाद शुरू हुआ विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब पार्टी के दिग्गज नेता और सांसद शशि थरूर, दिग्विजय सिंह के समर्थन में उतर आए हैं। थरूर ने न केवल सिंह का बचाव किया, बल्कि कांग्रेस में बड़े सुधारों की जरूरत पर भी जोर दिया है। कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर शशि थरूर ने कहा कि दिग्विजय सिंह और उनके बीच बातचीत होना स्वाभाविक है क्योंकि वे अच्छे दोस्त हैं। थरूर ने सिंह की उस मांग का समर्थन किया जिसमें उन्होंने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की बात कही थी। थरूर ने पत्रकारों से कहा, 'संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए, इसमें कोई सवाल ही नहीं है। हमारा 140 साल का गौरवशाली इतिहास है और हम इससे बहुत कुछ सीख सकते हैं।' उन्होंने पार्टी के अंदर अनुशासन की कमी पर भी इशारा किया और कहा कि किसी भी संस्था के लिए लॉजिक और अनुशासन बेहद जरूरी है। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वे लालकृष्ण आडवाणी के पास नीचे जमीन पर बैठे हैं। सिंह ने इस पोस्ट के जरिए यह संदेश दिया था कि बीजेपी-आरएसएस में एक साधारण कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता है।

# पंजाब में तीन वारदातें: महिला, मालिक और बहू की हत्या

## खाली प्लॉट से महिला का शव मिला

जसकरन मीत | बठिंडा
समर न्यूज़



बठिंडा शहर में एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी सिटी नरिंदर सिंह ने बताया कि थाना कैनाल एरिया को सूचना मिली थी कि एक महिला घर से लापता है। महिला बठिंडा की एक निजी कंपनी के शोरूम में काम करती थी और रोजाना की तरह काम पर गई थी, लेकिन बीते दिन वह घर वापस नहीं लौटी।

परिवार और पुलिस द्वारा काफी तलाश किए जाने के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो जांच तेज की गई। इसी दौरान घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक खाली प्लॉट में महिला का शव बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, महिला की गर्दन पर तेजधार हथियार से हमला किए जाने के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की पुष्टि हुई है। एसपी सिटी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं और जांच तेजी से चल रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किए जाने की उम्मीद है। पुलिस ने बताया कि मृतक महिला की कुछ साल पहले लव मैरिज हुई थी। वह अपने पति के साथ बठिंडा के गोपाल नगर इलाके में किराए के मकान में रहती थी। दंपती का लगभग दो साल का एक बच्चा भी है। मौके पर पहुंचे महिला के पति ने बताया कि उनकी लव मैरिज थी और उन्हें कुछ लोगों पर शक है, जिसकी जानकारी पुलिस को दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मजदूर ने मालिक की हत्या

समर न्यूज़ | फगवाड़ा

*फगवाड़ा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नजदीकी गांव मंडाली में खेतीबाड़ी के काम के लिए रखे गए एक प्रवासी मजदूर ने कथित तौर पर अपने ही मालिक के साथ मारपीट कर दी, जिससे मालिक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान दविंदर सिंह के रूप में हुई है।*


*मृतक की पत्नी पलविंदर कौर ने बताया कि उनके घर में रह रहा प्रवासी मजदूर पहले गाली-गलौज करने लगा। जब उनके पति ने उसे ऐसा करने से रोका तो मजदूर गुस्से में आ गया और उनके साथ हाथापाई करने लगा। इसी दौरान उसने किसी वस्तु से दविंदर सिंह पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन दविंदर सिंह को तुरंत सिविल अस्पताल फगवाड़ा लेकर पहुंचे। हालांकि, अस्पताल में तैनात डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने से पहले ही दविंदर सिंह की मौत हो चुकी थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।*

*वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है और आरोपी प्रवासी मजदूर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।*

## ससुर ने की बहू की हत्या

### सास गंभीर रूप से घायल

समर न्यूज़ | सनौर (पटियाला)



पटियाला जिले के कस्बा सनौर के कसाबियां वाले मोहल्ले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां घरेलू विवाद के चलते ससुर ने अपनी बहू की चाकू मारकर हत्या कर दी, जबकि सास गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना प्रभारी हरविंदर सिंह ने बताया कि राजिंदरा अस्पताल, पटियाला के डॉक्टरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि एक विवाहित महिला अंजू रानी की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब तीन बजे आरोपी ससुर प्रकाश चंद ने घरेलू कलह के चलते अपनी पत्नी और बहू पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए पटियाला के राजिंदरा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बहू अंजू रानी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सास मलकीत कौर की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मृतका अंजू रानी के दादा बलदेव सिंह के बयानों के आधार पर आरोपी ससुर प्रकाश चंद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है।

## पुलिस ने हेरोइन सहित 97 नशा तस्कर किए काबू

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब पुलिस ने 351 स्थानों पर छापेमारी की। इसके परिणामस्वरूप राज्यभर में 81 एफआईआर दर्ज कर 97 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 302 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 42,203 हो गई है। इन छापेमारियों के दौरान गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 3 किलो हेरोइन, 1 किलो अफीम, 1.4 किलो गांजा, 21 किलो भुक्की, 557 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 16,910 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। इस अभियान के दौरान 71 गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में 1,000 से अधिक पुलिस कर्मियों की 120 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्यभर में 351 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने आगे बताया कि दिनभर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 348 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

## पंजाब और हिमाचल के तीन ड्रग तस्करों पर इनाम घोषित

समर न्यूज़ | मोहाली

एनसीबी की चंडीगढ़ यूनिट ने पंजाब और हिमाचल प्रदेश के तीन ड्रग तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उन पर इनाम घोषित किया है। इन तस्करों की जानकारी देने वाले को प्रत्येक मामले में 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा और सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

एनसीबी के अनुसार, इन तीनों में से दो आरोपी हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के रहने वाले हैं, जबकि एक आरोपी पंजाब के मोगा जिले से संबंधित है। लोग फोन के माध्यम से या एनसीबी कार्यालय में जाकर भी इन आरोपियों से जुड़ी जानकारी दे सकते हैं। पहला आरोपी सन्नी, मोगा जिले के वार्ड नंबर-23, विश्वकर्मा नगर (थाना साउथ मोगा) का निवासी है। वह 1.850 किलोग्राम चरस की तस्करी के मामले में वांछित है और अदालत द्वारा उसे घोषित अपराधी (पीओ) करार दिया जा चुका है। दूसरा आरोपी रमेश कुमार, गांव बल्ह धार, पधर जिला मंडी, हिमाचल का रहने वाला है। उसके कब्जे से भी 1.850 किलोग्राम चरस बरामद की गई थी और उसे भी अदालत ने पीओ घोषित किया है।

तीसरा आरोपी रूपेश कुमार, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश का निवासी है, जो ड्रग तस्करी के मामलों में फरार चल रहा है। एनसीबी की टीमें इन आरोपियों की तलाश में कई बार छापेमारी कर चुकी हैं, लेकिन अब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। एजेंसी का कहना है कि आरोपियों के परिजन भी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसी के चलते अब आम लोगों से सहयोग की अपील करते हुए इनाम की घोषणा की गई है। जानकारी देने के लिए लोग 94645-56700, 29412916, हेल्पलाइन नंबर 0172-2568109 या 277931 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पूर्व टीएमसी नेता का बेटा रॉबिन गिरफ्तार

समर न्यूज़ | मुर्शिदाबाद

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर के बेटे गोलाम नबी आजाद उर्फ रॉबिन को मुर्शिदाबाद पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उस पर अपने पिता के निजी सुरक्षा अधिकारी (PSO) कांस्टेबल जुम्मा खान के साथ मारपीट करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, कांस्टेबल जुम्मा खान ने रविवार को शक्तिनगर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि उन्होंने घर जाने के लिए छुट्टी मांगी थी, जिस पर गोलाम नबी आजाद ने कथित तौर पर उनके साथ मारपीट की। यह घटना हुमायूं कबीर के कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर हुई, जहां उस समय कई लोग मौजूद थे। बेटे की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए हुमायूं कबीर ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई टीएमसी के इशारे पर की गई है।

## बठिंडा में तीन कारें आपस में टकराईं

### पांच लोग हुए घायल, एक की हालत गंभीर

समर न्यूज़ | बठिंडा



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। - समर न्यूज़

भुच्चो रोड पर बठिंडा-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर चढ़ते समय स्लिप रोड पर देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। पहले थार और किआ कार की टक्कर हुई, जिसके बाद किआ फुटपाथ के दूसरी ओर खड़ी होंडा सिटी से जा टकराई। इस हादसे में कुल पांच लोग घायल हो गए, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना कैंट के एसएचओ दलजीत सिंह के अनुसार, हादसा रात करीब 12 बजे हुआ।

किआ कार में बरनाला जिले के तपा गांव के दो लोग सवार थे, जो स्लिप रोड से नेशनल हाईवे पर चढ़ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही थार गाड़ी ने किआ को टक्कर मार दी। थार में श्री मुक्तसर साहिब के लंबी गांव के दो लोग सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किआ कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ के दूसरी ओर खड़ी होंडा सिटी से जा भिड़ी।

होंडा सिटी में तलवंडी साबो के मलकाना गांव का एक व्यक्ति सवार था, जो इस टक्कर में घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही सहारा जन सेवा की लाइफ सेविंग ब्रिगेड हेल्पलाइन टीम संदीप गिल के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। टीम ने गंभीर रूप से घायल कार चालक को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान राजनप्रीत सिंह (22), निवासी मणि वाला, मलोट के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके परिजनों को भी घटना की सूचना दी।

एसएचओ दलजीत सिंह ने बताया कि घायलों में से चार को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक की हालत गंभीर है। फिलहाल पुलिस को कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवती की होदी में गिरने से मौत

समर न्यूज़ | अबोहर



अबोहर के गांव बकैनवाला में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय युवती की पानी की डिग्गी में गिरने से मौत हो गई। मृतका की पहचान गुरमेल सिंह की पुत्री पूजा के रूप में हुई है। घटना घर के आंगन में बनी पानी की डिग्गी से पानी निकालते समय हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा अपनी मां और दो भाइयों के साथ रहती थी। परिवार मजदूरी कर जीवन यापन करता है। शनिवार शाम पूजा आंगन में बनी डिग्गी से पानी निकाल रही थी, तभी अचानक पैर फिसलने से वह डिग्गी में गिर गई। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकली तो उसकी मां को शक हुआ। मौके पर पहुंचकर मां ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए।

लोगों ने पूजा को डिग्गी से बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर खुईखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डिग्गी से बाहर निकलवाकर सरकारी अस्पताल अबोहर में पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। खुईखेड़ा थाना पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर बीएनएस की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह हादसा प्रतीत हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पिता की मौत, बेटा-बहू गंभीर घायल

## धुंध से हादसा : कार दीवार से टकराई

समर न्यूज़ | दीनानगर



हादसाग्रस्त कार। - समर न्यूज़

गुरदासपुर में दीनानगर-बहरामपुर रोड पर घनी धुंध के कारण कार बेकाबू हो गई और जिम की दीवार से जा टकराई। हादसे में एक पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना गांव अवांखा के पास हुई। मृतक की पहचान रंगड़पिंडी निवासी राजपाल सिंह के रूप में हुई है। घायलों में राजपाल सिंह के बेटे सौरव सलारिया और बहू भारती सलारिया शामिल हैं। देर रात सौरव सलारिया के दो साल के बेटे की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। इसके सौरव, उनकी पत्नी भारती और पिता राजपाल सिंह अपने गांव रंगड़पिंडी से दीनानगर की ओर क्रेटा कार में अस्पताल लेकर जा रहे थे। जब उनकी कार गांव अवांखा के पास स्थित तारा फैक्ट्री के नजदीक पहुंची, तो घनी धुंध के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया। कार बेकाबू होकर जिम की एक दीवार से टकरा गई।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को पठानकोट के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही राजपाल सिंह की मौत हो चुकी थी। सौरव सलारिया को गंभीर चोटें आने के कारण आगे के इलाज के लिए अमृतसर रेफर कर दिया गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व: पीएम

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के वर्ष 2025 के अंतिम संस्करण में देश की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य के संकल्पों को समेटते हुए राष्ट्र को नई दिशा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 2025 ऐसा साल रहा, जिसने हर भारतीय को गर्व करने के अनेक अवसर दिए-चाहे वह देश की सुरक्षा हो, खेल जगत की ऐतिहासिक जीतें हों, विज्ञान-अंतरिक्ष में प्रगति हो या संस्कृति और विरासत का उत्सव। प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रतीक बताते हुए कहा कि दुनिया ने देखा है कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। खेलों में पुरुष क्रिकेट टीम की ICC चैंपियंस ट्रॉफी जीत, महिला क्रिकेट टीम की पहली विश्व कप विजय और पैरा एथलीटों की उपलब्धियों को उन्होंने देश के आत्मविश्वास का प्रमाण बताया। विज्ञान के क्षेत्र में शुभांशु शुक्ला के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक पहुंचने को ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया गया। पीएम मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या में राम मंदिर ध्वजारोहण और स्वदेशी के बढ़ते आग्रह का भी उल्लेख किया। साथ ही प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद भारत 2026 में नई उम्मीदों और संकल्पों के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' और नवाचार-आधारित पहलों को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया।

## राहुल की हार विकास न समझने का नतीजा: शाह

### 27 किलोमीटर लंबी नई ड्रेनेज लाइन का किया उद्घाटन

समर न्यूज़ | मुर्शिदाबाद



अमित शाह ने अहमदाबाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि चुनावों में उनकी बार-बार हार का कारण विकास की राजनीति को न समझ पाना है। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राहुल आप अभी से थकिए मत, आगे भी हारना है। आप पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी चुनाव हारेंगे। 2029 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक बार फिर सत्ता में लौटेगी। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति देश की सोच और जनता की अपेक्षाओं से मेल नहीं खाती। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विकास और सुशासन जैसे अहम मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय कानूनी और तकनीकी बहसों में उलझे रहते हैं। शाह ने कहा कि भाजपा ने जनता की जरूरतों और भरोसे को समझकर शासन किया, इसलिए पार्टी को लगातार जनादेश मिला। वहीं कांग्रेस लगातार इसलिए हार रही है क्योंकि वह उन मुद्दों से दूर है, जिनका जनता समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सफलता का कारण उसके सिद्धांत हैं, जिनसे जनता जुड़ी हुई है। वहीं कांग्रेस ने राम मंदिर, सर्जिकल स्ट्राइक, अनुच्छेद 370, यूनिफॉर्म सिविल कोड, तीन तलाक और अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने जैसे फैसलों का विरोध किया, जबकि इन नीतियों को जनता का व्यापक समर्थन मिला। ड्रेनेज लाइन का उद्घाटन रविवार को अमित शाह ने अहमदाबाद के पश्चिमी इलाके में 27 किलोमीटर लंबी नई ड्रेनेज लाइन का उद्घाटन भी किया। यह ड्रेनेज लाइन बिना सड़क खोदे आधुनिक तकनीक से तैयार की गई है। शाह ने इसे इंजीनियरिंग का बेहतरीन उदाहरण बताते हुए कहा कि वणझर इलाके में 1973 के बाद विस्थापित हुए लोग आकर बसे थे, जहां करीब 50 वर्षों से कई परिवार रह रहे थे, लेकिन उनके प्लॉट की कानूनी प्रक्रिया लंबित थी। उन्होंने बताया कि अब सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं और लोगों को उनके प्लॉट कानूनी रूप से मिल गए हैं। अमित शाह ने कहा कि इस ड्रेनेज परियोजना से 9 वार्डों के लगभग 15 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। 4500 सोसायटियों में गटर की पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई इस परियोजना से लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं में भी कमी आएगी।

**सहायता** बिरला बोले, पेंशनर समाज अनुभव, मूल्यों और राष्ट्रसेवा की जीवंत धरोहर

## पेंशनर समाज के अधिवेशन में शामिल हुए ओम बिरला

समर न्यूज़ | कोटा



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में आयोजित राजस्थान पेंशनर समाज के वार्षिक अधिवेशन में सहभागिता की।

इस अवसर पर उन्होंने पेंशनर समाज की भूमिका को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि पेंशनर परिवार केवल एक संगठन नहीं, बल्कि अनुभव, मूल्यों और समर्पण की जीवंत धरोहर है।

ओम बिरला ने कहा कि राजकीय सेवा से निवृत्त होने के बाद भी पेंशनरों का समाज, राज्य और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध उतना ही मजबूत रहता है। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने की उनकी निष्ठा और ईमानदारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि पेंशनर समाज का अनुभव नीति निर्माण, प्रशासन और सामाजिक दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाओं और सामाजिक न्याय के लिए पेंशनरों द्वारा स्थापित मानक आज सुशासन का आधार हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि पेंशनर समाज का मार्गदर्शन और सहयोग विकसित राजस्थान और सशक्त भारत के संकल्प को और मजबूती देगा। उन्होंने पेंशनर समाज के सभी साथियों को उनके सतत योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बाग लगाने के लिए किसानों को मिलेगी 40 प्रतिशत सब्सिडी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने आज कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार आकर्षक सब्सिडी योजनाओं के माध्यम से किसानों को बागवानी का पेशा अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर फसल विविधीकरण को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम) के तहत किसान नए बाग लगाने के साथ-साथ अन्य बागवानी गतिविधियों के लिए 40 प्रतिशत तक सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक गेहूं-धान चक्र पर निर्भरता कम करना, भू-जल संरक्षण करना और उच्च-मूल्य वाली फसलों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना है। इस संबंध में आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बागवानी मंत्री ने कहा कि इच्छुक किसान अपने संबंधित जिला बागवानी कार्यालयों के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं। किसान विभाग के फील्ड स्टाफ से भी मार्गदर्शन ले सकते हैं, जो उन्हें आवेदन तैयार करने, पात्रता संबंधी शर्तें पूरी करने तथा अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता करेंगे। भगत ने कहा कि मान सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि सभी किसान-हितैषी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से और समय पर जमीनी स्तर तक किसानों तक पहुंचे। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बागवानी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और बेहतर आय के लिए फल एवं सब्जियों की खेती की ओर अग्रसर हों।

## पिस्टल और नकदी बरामद

### पुलिस-बीएसएफ ने की संयुक्त कार्रवाई

समर न्यूज़ | अमृतसर



जानकारी देते पुलिस अधिकारी। - समर न्यूज़

अमृतसर ग्रामीण पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की संयुक्त कार्रवाई में सीमा क्षेत्र के गांव चक अला बख्श में सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने राजन सिंह के घर से एक पिस्टल और 85,700 नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बीती रात इलाके में ड्रोन की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद तुरंत सीनियर अधिकारियों को सूचित किया गया। अलर्ट जारी करते हुए तड़के सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान पहले एक पिस्टल बरामद हुई, जिसके बाद घर की गहन तलाशी लेने पर 85,700 की नकदी भी मिली। जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है वहीं आरोपी अभी फरार है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई सीमा सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। फिलहाल ऑपरेशन जारी है और आगे और भी अहम खुलासों व बरामदगी की संभावना जताई जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने सीमावर्ती इलाकों में निगरानी और सतर्कता बढ़ा दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सीमा पार से होने वाली किसी भी गैरकानूनी गतिविधि को रोकने के लिए पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाइयां आगे भी लगातार जारी रहेंगी।

www.summerexpress.in

# समर प्राइम 3

29 दिसंबर 2025

समर एक्सप्रेस

समर ईयर एंडर 2025

# सियासत, संग्राम और प्रकृति का प्रकोपः उथल-पुथल में गुजरा साल

## ऑपरेशन सिंदूर... पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत का निर्णायक सैन्य संदेश

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

साल 2025 भारत और दुनिया—दोनों के लिए असाधारण उथलपुथल भरा रहा। एक ओर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता, चुनावी प्रक्रियाओं और संवैधानिक मर्यादाओं पर तीखी बहसें हुईं, तो दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन से जुड़ी आपदाओं ने जन-जीवन को गहरे स्तर पर प्रभावित किया। वैश्विक मंच पर युद्ध, व्यापारिक टकराव और भू-राजनीतिक अस्थिरता ने दुनिया को फिर से दो ध्रुवों में बांटने का संकेत दिया। यह वर्ष सिर्फ घटनाओं का नहीं, बल्कि व्यवस्थाओं की परीक्षा का साल बनकर दर्ज हुआ।

*22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए इस हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई। इस घटना के बाद देशभर में गहरा आक्रोश देखने को मिला और सरकार पर आतंक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दबाव बढ़ गया। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 7 मई 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सुरक्षा नीति में एक अहम मोड़ माना जा रहा है। इस सैन्य कार्रवाई के जरिए भारत ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब आतंकी हमलों के जवाब में सिर्फ कूटनीति नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई होगी। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियों— "याचना नहीं, अब रण होगा"—के भाव को साकार करते हुए यह ऑपरेशन भारत के बदले हुए रुख का प्रतीक बना। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, ऑपरेशन पूरी तरह इंटेलिजेंस-आधारित था। सीमापार आतंकी ठिकानों और उनके लॉजिस्टिक नेटवर्क को निशाना बनाया गया, जबकि नागरिक इलाकों को नुकसान न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। इस कार्रवाई का असर केवल भौतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी पड़ा। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सफाई देनी पड़ी और उसकी प्रतिक्रिया में घबराहट साफ नजर आई। ऑपरेशन सिंदूर 2025 में भारत की आतंकवाद के खिलाफ बदली हुई रणनीति और सख्त संदेश के रूप में याद किया जाएगा।*



### महिलाओं ने दिखाया सशक्तिकरण



*ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने साहस, नेतृत्व और पेशेवर उत्कृष्टता का अद्भुत परिचय दिया। दोनों अधिकारियों ने संयम, स्पष्ट रणनीति और दृढ़ संकल्प के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन किया। सेना और वायुसेना के संयुक्त समन्वय का उनका प्रतिनिधित्व भारत की सैन्य शक्ति, अनुशासन और आधुनिक सोच का प्रतीक बना। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सफल सैन्य कार्रवाई नहीं था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भारत की सुरक्षा व्यवस्था योग्यता, समर्पण और निडर नेतृत्व से संचालित होती है।*

## बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन से भारत में भारी तबाही

### मानसून की मार







साल 2025 का मानसून देश के कई हिस्सों के लिए राहत से ज्यादा संकट बनकर आया। लगातार और अत्यधिक बारिश के चलते बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्यों में हालात सबसे ज्यादा गंभीर रहे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बाढ़ से करोड़ों लोग प्रभावित हुए, जबकि सैकड़ों लोगों की जान चली गई। बिहार में नदियों के उफान पर आने से 25 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। हजारों गांव जलमग्न हो गए, फसलें नष्ट हुईं और सड़क तथा बिजली व्यवस्था ठप हो गई। पंजाब में भी 22 जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी, जिससे खेती को भारी नुकसान पहुंचा। कई इलाकों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए सेना और एनडीआरएफ को मोर्चा संभालना पड़ा। पर्वतीय राज्यों में स्थिति और भी भयावह रही। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं ने भारी तबाही मचाई। उत्तराखंड में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग अब भी लापता बताए गए। सड़कों, पुलों और भवनों के ध्वस्त होने से कई गांवों का संपर्क टूट गया।

## चुनावी विवाद, 'वोट चोरी/SIR' बहस




*साल 2025 में देश की राजनीति का सबसे बड़ा विवाद चुनावी प्रक्रिया को लेकर सामने आया, जिसे "2025 इंडियन इलेक्टोरल कंट्रोवर्सी" के नाम से जाना गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में हेरफेर और "सिस्टमेटिक फ्रॉड" के गंभीर आरोप लगाए। उनका दावा था कि योजनाबद्ध तरीके से कुछ वर्गों के वोट काटे जा रहे हैं, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए। यह विवाद बिहार से शुरू हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) अभियान के बाद और गहरा गया। मतदाता सूची की शुद्धता के लिए शुरू की गई इस प्रक्रिया को लेकर विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसके जरिए राजनीतिक लाभ के लिए वोटरों के नाम हटाए जा रहे हैं। देखते ही देखते यह मुद्दा 12 राज्यों तक फैल गया और कई जगह विरोध प्रदर्शन, राजनीतिक बयानबाजी और कानूनी चुनौतियां सामने आईं। चुनाव आयोग ने आरोपों को खारिज करते हुए प्रक्रिया को पारदर्शी और नियमों के अनुसार बताया, लेकिन 2025 में यह बहस भारतीय लोकतंत्र की विश्वसनीयता से जुड़ा एक बड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बन गई।*

## इंडिगो संकटः उड़ानें रद्द होने से हवाई यातायात रहा प्रभावित



दिसंबर 2025 में देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के परिचालन में भारी बाधा उत्पन्न हुई, जिससे हजारों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। यह संकट नए पायलट ड्यूटी और विश्राम नियमों के पालन में आई दिक्कतों के कारण पैदा हुआ। अचानक उड़ानें रद्द होने से हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हुईं, जबकि टिकट रिफंड और वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी देखने को मिली।

## हाई-प्रोफाइल पार्टी कल्चर पर सवाल



*साल 2025 के अंत में बॉलीवुड और सोशल मीडिया की ग्लैमरस दुनिया उस समय विवादों में घिर गई, जब सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरी (ओरहान अवत्रामणि) से जुड़े ड्रग्स मामले ने सुर्खियां बटोरीं।*

*इस केस में गिरफ्तार एक ड्रग तस्कर ने जांच एजेंसियों के सामने कई सनसनीखेज दावे किए, जिसने फिल्म इंडस्ट्री की हाई-प्रोफाइल पार्टियों पर सवाल खड़े कर दिए। तस्कर ने दावा किया कि उसने श्रद्धा कपूर और नोरा फतेही समेत कुछ चर्चित हस्तियों के लिए भव्य और आलीशान पार्टियों का आयोजन किया था, जहां नशीले पदार्थों की कथित तौर पर आपूर्ति की जाती थी। उसके अनुसार, ये पार्टियां निजी फार्महाउस और लग्जरी लोकेशनों पर होती थीं, जिनमें फिल्मी और सोशल मीडिया जगत से जुड़े लोग शामिल होते थे।*

*हालांकि, जांच एजेंसियों ने साफ किया कि ये सभी दावे जांच के अधीन हैं और किसी भी अभिनेत्री की भूमिका को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।*

## अमेरिका से 3,414 भारतीय निर्वासित डिपोर्ट



*अमेरिका में अवैध प्रवासन और वीज़ा नियमों पर सख्ती के चलते भारतीय नागरिकों के निर्वासन में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। भारतीय मिशनों के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2021 में 805, 2022 में 862 और 2023 में 617 भारतीयों को अमेरिका से डिपोर्ट किया गया। यह संख्या 2024 में बढ़कर 1,368 हो गई, जबकि 2025 में अब तक रिकॉर्ड 3,414 भारतीयों को निर्वासित किया जा चुका है, जिनमें अधिकांश को वाशिंगटन डीसी से भेजा गया है। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार यह कार्रवाई आव्रजन कानूनों के तहत की जा रही है। बढ़ते निर्वासन से छात्रों और अस्थायी कामगारों में चिंता है, वहीं भारत सरकार ने मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने की बात कही है।*

## अहमदाबाद विमान हादसा... जिसने हिला दिया था पूरा भारत



गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 को एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (फ्लाइट AI171) टेकऑफ के कुछ ही क्षणों बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लंदन जा रहा यह विमान मेघानी नगर के पास मेडिकल कॉलेज हॉस्टल परिसर में गिरा। हादसे में विमान में सवार 242 यात्रियों में से केवल एक व्यक्ति जीवित बचा, कुल 260 लोगों की मौत हुई।

छात्राओं का आरोप कॉलेज संचालक नशे में करता है गलत हरकतें, सांसद कुमारी सैलजा ने किया छात्राओं का समर्थन

# खुशी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं का धरने पर बैठी

समर न्यूज़ | नारनौंद

हरियाणा के हांसी जिले के नारनौंद स्थित खुशी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में छात्राओं द्वारा अनियमितताओं, यौन और मानसिक उत्पीड़न के विरोध में धरना तीसरे दिन भी जारी है।
छात्राओं का कहना है कि तब तक धरना नहीं उठाएंगी, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं। धरने के दौरान प्रशासनिक अधिकारी छात्राओं से संवाद करने पहुंचे और उन्हें धरना समाप्त करने की अपील की, लेकिन छात्राओं ने इसे खारिज कर दिया।
छात्राओं का आरोप है कि कॉलेज संचालक शराब के नशे में हॉस्टल में आता है और गलत हरकतें करता है। इसके अलावा, काम करने आए कर्मचारी बाथरूम में झांकते हैं क्योंकि हॉस्टल में दरवाजों पर ठीक से कुंडी नहीं है।
धरने को देखते हुए राजनीतिक हस्तियां और नेताओं का समर्थन


धरने पर बैठी छात्राएं। - समर न्यूज़

भी मिल रहा है। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा छात्राओं के समर्थन में पहुंच रही हैं और सोशल मीडिया पर इस मामले पर पोस्ट भी साझा किया है। वहीं, हुड्डा गुट के विधायक जस्सी पेटवाड़ और किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ धरनास्थल पर पहुंचकर छात्राओं का समर्थन करेंगे।
जस्सी पेटवाड़ ने मौके पर बैठकर एसपी को फोन किया और मामले को जल्द सुलझाने तथा कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। छात्राओं ने बताया कि 18 दिसंबर को इस मामले में एक जांच कमेटी बनाई गई थी, जिसकी जांच पूरी हो चुकी है। महिला आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है। इसके बावजूद प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे छात्राएं केवल लिखित आश्वासन नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष कार्रवाई चाहती हैं। धरने पर भारी पुलिस बल तैनात है।
डीएसपी देवेंद्र नैन, थाना प्रभारी रमेश कुमार, बास थाना प्रभारी बलवान सिंह और दो महिला इंस्पेक्टर लगातार मौके पर मौजूद हैं।
छात्राओं का कहना है कि पहले भी कई बार आश्वासन दिए गए, लेकिन हर बार मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।
छात्राओं ने धरने के कारणों का खुलासा करते हुए कहा कि लगभग 300 छात्राओं पर केवल दो अध्यापिकाएं हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। हॉस्टल में भोजन की गुणवत्ता खराब है, बार-बार बिजली कटौती होती है, मेडिकल सुविधाओं की कमी है और महिला सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं।
कई छात्राओं ने आरोप लगाया कि संचालक जगदीश गोस्वामी देर रात शराब के नशे में हॉस्टल आता है और उनकी पत्नी गालियां देती है। आवाज उठाने वाली छात्राओं को धमकियां दी जाती हैं कि उनके एडमिशन रद्द किए जाएंगे, डिग्री रोकी जाएगी या मूल दस्तावेज नहीं दिए जाएंगे।
छात्राओं ने यह भी दावा किया कि कॉलेज की मान्यता और निरीक्षण के समय नियमों का पालन केवल दिखावे के लिए किया जाता है। निरीक्षण के दौरान इमारतों का अस्थायी रूप से उपयोग बदल दिया जाता है और छात्राओं पर अतिरिक्त दबाव डालकर काम करवाया जाता है।
छात्राओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि जब उन्होंने अपनी बात रखने के लिए चंडीगढ़ का रुख किया, तो कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें और उनके परिजनों को धमकियां देकर ब्लैकमेल किया। हॉस्टल में बुनियादी सुविधाएं जैसे बाथरूम में नल और दरवाजों पर कुंडी भी नहीं हैं, जिससे छात्राओं की गोपनीयता और सुरक्षा खतरे में है। कॉलेज चेयरमैन जगदीश गोस्वामी का कहना है कि उन्होंने नियम सख्त किए हैं, जिससे छात्राओं को दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताया कि नई वार्डन आने के बाद छात्राओं को सुबह 6 बजे उठाकर योग करवाया जाता है और पर्सनल पार्सल पर रोक लगाई गई है।
उनका कहना है कि यह हरियाणा का पहला ऐसा नर्सिंग कॉलेज है जो इवनिंग एक्स्ट्रा क्लासेज देता है। छात्राओं का धरना और विरोध लगातार प्रशासन और राजनीतिक दलों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। उनका कहना है कि जब तक उनके आरोपों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, वे धरने पर बैठे रहेंगे।

# जैन ज्वैलर्स से 2.50 लाख रुपये के सोने के झुमके चोरी

समर न्यूज़ | हिसार

पीएलए क्षेत्र स्थित जैन ज्वैलर्स में चोरी की वारदात सामने आई है। दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी पर ही सोने के झुमके चोरी करने का आरोप है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार, जो पिछले 15 वर्षों से जैन ज्वैलर्स में अकाउंटेंट हैं, उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर की शाम करीब 6 से 8 बजे के बीच स्टॉक की गिनती चल रही थी।
इसी दौरान दुकान में कार्यरत प्रदीप अग्रवाल को सीसीटीवी कैमरे में सोने के झुमके उठाते हुए देखा गया। चोरी हुए झुमकों का वजन करीब 24–25 ग्राम बताया गया है, जिनकी कीमत लगभग 2.50 लाख रुपये आंकी गई है।
अकाउंटेंट के अनुसार, आरोपी ने



जैन ज्वैलर्स की दुकान। - समर न्यूज़

10 नवंबर को नौकरी जॉइन की थी। उस समय उसने गारंटी के तौर पर अपनी पत्नी के नाम का बैंक चेक, अपना ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और पत्नी का आधार कार्ड जमा करवाया था।
पुलिस इन दस्तावेजों की भी जांच कर रही है। वहीं, कृष्ण कुमार ने बताया कि आरोपी से संपर्क हुआ है और उसने झुमके लौटाने की बात कही है।

# पति की मौत के दस मिनट बाद पत्नी ने भी तोड़ा दम

समर न्यूज़ | अंबाला

अंबाला में पति-पत्नी के अटूट प्रेम की एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। वृद्ध दंपती ने जीवन में साथ निभाने की कसम को मृत्यु में भी सच कर दिखाया। पति की मौत के मात्र दस मिनट के भीतर ही पत्नी ने भी पति के सीने पर सिर रखकर प्राण त्याग दिए। जानकारी के अनुसार, 75 वर्षीय डॉ. वीरेंद्र नाथ जैन लंबे समय से शुगर की बीमारी से पीड़ित थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। पति की मौत की खबर सुनते ही उनकी 65 वर्षीय पत्नी आशा देवी बदहवास हो गईं। वे जोर-जोर से रोते हुए पति के शव पर गिर पड़ीं और कुछ ही मिनटों के भीतर उनकी भी सांसें थम गईं। दंपती घर में अकेले ही रहते थे। डॉ. वीरेंद्र के दो बच्चे हैं। बेटी की शादी हो


मृत पति पत्नी की फाइल फोटो। - समर न्यूज़

चुकी है, जबकि बेटा गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में मैनेजर है। पड़ोसियों के अनुसार पति-पत्नी के बीच गहरा प्रेम और भावनात्मक जुड़ाव था। दोनों हमेशा एक-दूसरे का ख्याल रखते थे और अंतिम समय में भी एक-दूसरे से जुदा नहीं हो सके। एक साथ पति-पत्नी के शव देख पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के पहुंचने के बाद रविवार को दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ किए जाने की तैयारी है। यह घटना लोगों के लिए प्रेम, समर्पण और जीवनभर के साथ की एक भावुक मिसाल बन गई है।

सीसीटीवी फुटेज में छह बदमाश दुकान के अंदर चोरी करते हुए दिखाई दिए

# पिनगवां में ज्वेलर्स की दुकान से करोड़ों की चोरी

समर न्यूज़ | नूंह

जिले के पिनगवां थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। हथियारों से लैस बदमाशों ने एक ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखा करोड़ों रुपये का सामान चोरी कर लिया और फरार हो गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने शनिवार देर रात करीब तीन बजे सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब आसपास के दुकानदारों ने दुकान का शटर टूटा देखा तो उन्होंने तुरंत दुकान मालिक को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दुकान मालिक हरिओम सोनी ने बताया कि वह पिनगवां कस्बे में सर्राफा कारोबार करते हैं। शनिवार शाम दुकान को अच्छी तरह बंद कर वह घर चले


चोरी के बाद दुकान पर बिखरा सामान। - समर न्यूज़

गए थे। रात करीब तीन बजे करीब 10 हथियारबंद बदमाशों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसपैठ की। सीसीटीवी फुटेज में छह बदमाश दुकान के अंदर से सोने-चांदी के गहनों सहित अन्य कीमती सामान चोरी करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि कुछ आरोपी बाहर निगरानी करते नजर आ रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, बदमाश 1 करोड़ रुपये से अधिक का माल लेकर फरार हुए हैं। वारदात पिनगवां थाना से कुछ ही दूरी पर व्यस्त बाजार इलाके में हुई, जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल है। इस घटना के बाद रात की पुलिस गश्त पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश है और उन्होंने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# टहलने निकले युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, परिजनों ने शव लेने से किया इनकार

सुंदर कुंडू | पलवल
समर न्यूज़

पलवल जिले में बेखौफ बदमाशों ने एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात आबादी क्षेत्र में हुई, इसके बावजूद किसी ने युवक की चीख-पुकार नहीं सुनी। कॉलोनी के चौक पर युवक का शव खून से लथपथ मिला। मृतक की पहचान इस्लामाबाद निवासी 26 वर्षीय रोहताश के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया।
जानकारी के अनुसार, रोहताश शुक्रवार रात करीब आठ बजे खाना खाकर घर से टहलने निकला था। उसने परिजनों से कहा था कि थोड़ी देर में लौट आएगा, लेकिन वह रातभर घर नहीं लौटा।
शनिवार सुबह करीब छह बजे


मृतक रोहताश। - समर न्यूज़

पड़ोसियों ने सूचना दी कि शिव मंदिर के पास चौक पर एक युवक खून से लथपथ पड़ा है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि रोहताश के सीने पर चाकू के कई वार किए गए थे और उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।
मृतक के भाई देवरतन ने बताया कि वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था और शटरिंग का काम करता था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पलवल सिविल अस्पताल भिजवाया। कैंप थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपना चाहा, लेकिन परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी तक शव लेने से इनकार कर दिया। इस दौरान जिला अस्पताल में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। फिलहाल शव सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# दोस्त के घर मिला 20 वर्षीय युवक का शव

समर न्यूज़ | जींद

जींद जिले के जुलाना उपमंडल के हथवाला गांव में 20 वर्षीय युवक विनोद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की बहन ज्योति ने अपने भाई की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, विनोद तीन बहनों का इकलौता भाई था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि मां गृहिणी हैं। विनोद परिवार का सबसे छोटा सदस्य था। ज्योति ने बताया कि 26 दिसंबर की रात विनोद के पास उसके दोस्त का फोन आया था, जिसने उसे गांव झमोला में किसी की मौत पर शोक व्यक्त करने के लिए बुलाया। इसके बाद विनोद घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। 27 दिसंबर को विनोद की तलाश करते हुए ज्योति


बिस्तर पर पड़ी मृतक युवक की लाश। - समर न्यूज़

और उसकी बहन साहिल उर्फ इल्लू के घर पहुंचीं। वहां साहिल और उसकी पत्नी से पूछताछ की गई, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने साहिल के मकान में बने एक कमरे में बेड पर विनोद को बेसुध हालत में पड़ा पाया। पास जाकर देखने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि साहिल उर्फ इल्लू और उसकी पत्नी ने साजिश के तहत विनोद के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की। उनका कहना है कि यदि वे समय रहते मौके पर नहीं पहुंचते, तो आरोपी शव को ठिकाने लगा सकते थे।
सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल भिजवाया। जुलाना थाना के जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

अंनुज पंचाल | गुरुग्राम
समर न्यूज़

सेक्टर-9 क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह ट्रक के नीचे आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही जान चली गई। सूचना मिलते ही सेक्टर-9 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, साइकिल सवार सड़क के किनारे से जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।
पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के इलाकों में पहचान कराने के प्रयास कर रही है, ताकि परिजनों को सूचना


ट्रक के नीचे पड़ा साइकल सवार का शव। - समर न्यूज़

दी जा सके। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश तेज कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि हादसे के समय ट्रक की रफ्तार कितनी थी और क्या यातायात नियमों का उल्लंघन हुआ। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सेक्टर-9 क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है और तेज रफ्तार के कारण अक्सर हादसे होते हैं। उन्होंने प्रशासन से यातायात नियंत्रण कड़े करने और भारी वाहनों की गति पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और फरार ट्रक चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# जेल महानिदेशक अलोक कुमार राय ने करनाल जेल का किया निरीक्षण

राकेश कुमार | करनाल
समर न्यूज़

हरियाणा कारागार विभाग के महानिदेशक अलोक कुमार राय ने करनाल जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंद कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य, काउंसलिंग और सुधारात्मक कार्यक्रमों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में डीजी रॉय ने कहा कि अपराध करने के बाद जेल आने वाला व्यक्ति अक्सर मानसिक तनाव और डिप्रेशन से गुजरता है, ऐसे में काउंसलिंग बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा की जेलों में कैदियों की काउंसलिंग के लिए प्रशिक्षित काउंसलर उपलब्ध हैं, जो नियमित रूप से मानसिक परामर्श देते हैं। डीजी रॉय के अनुसार जेलों में बंद करीब 60 से 70 प्रतिशत कैदी आदतन अपराधी नहीं होते। उन्होंने


जेल महानिदेशक अलोक कुमार राय निरीक्षण करते हुए। - समर न्यूज़

जोर देकर कहा कि जेल केवल सजा देने की जगह नहीं, बल्कि सुधार गृह हैं, जहां कैदियों को दोबारा समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए मानसिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक सहयोग दिया जाता है। डीजी राय ने बताया कि राज्य की कई जेलों में आईटीआई और पॉलिटेक्निक जैसे तकनीकी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, ताकि कैदी रिहाई के बाद आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अलावा शिक्षा, खेल और कौशल विकास कार्यक्रमों के जरिए कैदियों के मानसिक और सामाजिक विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

सर्दी का कहर | रविवार को हिसार प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, कई जिलों में यलो अलर्ट जारी

# तापमान में तेज गिरावट, कोहरे और शीतलहर का अलर्ट

समर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा में ठंड ने अब अपना पूरा असर दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश में बीती रात न्यूनतम तापमान में औसतन 1.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। रविवार सुबह हिसार प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री कम रहा और मौजूदा सर्दी के मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान भी माना जा रहा है। इसके बाद जींद और गुरुग्राम में तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
तापमान में आई इस गिरावट के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। सुबह और रात के समय लोग अलाव का सहारा लेने को मजबूर हैं। वहीं, ठंड के साथ-साथ कोहरे ने भी जनजीवन को प्रभावित किया। रविवार सुबह



प्रदेश के करीब 10 जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई और कई जगह यातायात प्रभावित हुआ।
मौसम विभाग के अनुसार, पानीपत में न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री, महेंद्रगढ़ में 4.5 डिग्री, नारनौल में 5.0 डिग्री, भिवानी में 6.0 डिग्री, सिरसा में 6.5 डिग्री, रोहतक में 5.8 डिग्री और फरीदाबाद में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कैथल में 5.9 डिग्री, अंबाला में 8.5 डिग्री और सोनीपत में 4.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।
मौसम विभाग ने घने से बहुत घने कोहरे को लेकर अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, सोनीपत, पानीपत, जींद, रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम और फरीदाबाद में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं पंचकूला, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नूंह, पलवल, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी और चरखी दादरी जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।
इसके अलावा महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, जींद, भिवानी और चरखी दादरी में ठंडी हवाएं चलने का भी अनुमान है, जिससे ठंड का असर और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना जताई है।
वहीं अधिकतम तापमान की बात करें तो लगातार तीसरे दिन पलवल प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को कोहरे और ठंड को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है।

# सिक्योरिटी स्टेटस सिंबल नहीं, जीवन की सुरक्षा है : डीजीपी ओपी सिंह

राकेश कुमार | करनाल
समर न्यूज़

डीजीपी ओपी सिंह ने कहा कि सिक्योरिटी कोई स्टेटस सिंबल नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा है। मधुबन पुलिस अकादमी में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन लोगों को वास्तविक खतरा है, उन्हें पूरा सुरक्षा कवर मिलेगा, लेकिन दिखावे के लिए पुलिस सुरक्षा लेने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। गलत तरीके से दी गई सिक्योरिटी पर
वसूली भी की जाएगी। डीजीपी ने बताया कि 2025 के अनुभवों के आधार पर 2026 के लिए ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। अपराध, गैंगस्टर नेटवर्क, ड्रग्स और एक्सटोर्शन पर कड़ा प्रहार जारी है। रिश्वतखोरी पर जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए 311(2) के तहत दोषियों को फोर्स से बाहर किया जाएगा।

# घने कोहरे के चलते पांच वाहन टकराए

## करनाल में नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा, बस में थी 150 सवारियां

राकेश कुमार | करनाल
समर न्यूज़

हरियाणा के करनाल में घने कोहरे के चलते नेशनल हाईवे पर बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। कम दृश्यता के कारण अचानक ब्रेक लगने से एक के बाद एक वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में चार वोल्वो बसें और एक स्कॉर्पियो गाड़ी शामिल रहीं। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी सवारी को चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार, हाईवे पर आगे चल रहे एक वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रही चार वोल्वो बसों को कोहरे के कारण संभलने का मौका नहीं मिला और वे आपस में भिड़ गईं। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी दुर्घटना की चपेट में आ गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर लंबा


हादसे में क्षतिग्रस्त बस। - समर न्यूज़

जाम लग गया। बस में सवार यात्री प्रद्यूत, अमित सहित अन्य यात्रियों ने बताया कि वे एचआरटीसी की बस में सो रहे थे। अचानक जोरदार झटका लगा, जिससे नींद खुल गई। बाहर देखा तो पता चला कि कई बसों की टक्कर हो चुकी है। सभी यात्री सुरक्षित थे और किसी को चोट नहीं आई। यात्रियों को बाद में दूसरी बसों के माध्यम से गंतव्य की ओर भेजा गया।
**बसों में 150 सवारियां थीं** : मौके पर पहुंचे सब-इंस्पेक्टर जगमोहन और एएसआई जगपाल ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बसों में करीब 150 सवारियां थीं। पुलिस और डायल-112 की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। क्षतिग्रस्त बसों और स्कॉर्पियो को क्रेन की मदद से सड़क किनारे कराया गया, जिसके बाद यातायात बहाल हुआ। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के मौसम में वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें, सुरक्षित दूरी बनाए रखें और तेज रफ्तार से बचें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# आईजीएमसी मारपीट मामला : डॉ. राघव नरूला की बर्खास्तगी के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल, प्रदेशभर की स्वास्थ्य सेवाएं ठप

## डॉ. नरूला की बहाली की मांग पर अड़े रेजिडेंट डॉक्टर, सरकार ने जारी की एसओपी, मेडिकल कॉलेजों के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द

समर न्यूज़ | शिमला

इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में मारपीट के एक मामले के बाद सीनियर रेजिडेंट डॉ. राघव नरूला की बर्खास्तगी के विरोध में प्रदेशभर के डॉक्टर रविवार को भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते शनिवार के बाद रविवार को भी प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों, जोनल अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। कई स्थानों पर ओपीडी में मरीजों की जांच नहीं हो सकी, जबकि अनेक रूटीन ऑपरेशन स्थगित रहे। दूर-दराज से इलाज के लिए आए मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे डॉक्टर। - समर न्यूज़

रविवार को आईजीएमसी के अटल सभागार स्थित बैडमिंटन हॉल में रेजिडेंट डॉक्टर, इंटर्न और मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में एकत्र हुए। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में वी वांट जस्टिस, सम्मान दो, सेवाएं लो जैसे नारे लगाए गए। डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि जब तक डॉ. राघव नरूला की बर्खास्तगी का आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल के दौरान डॉक्टरों ने केवल आपातकालीन सेवाएं देने की घोषणा की है, जबकि ओपीडी और वार्ड सेवाएं बंद रहेंगी। हड़ताल को हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन (एमओएच) और सेमडिकोट का भी समर्थन प्राप्त है।

वहीं, वरिष्ठ डॉक्टरों ने ओपीडी में सेवाएं दीं, लेकिन डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय ने अस्पतालों में आपात सेवाओं को सुचारू रखने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसके तहत सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य, अतिरिक्त निदेशक और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है और उन्हें संस्थानों में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसओपी के अनुसार इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह चालू रहेंगी, जूनियर व सीनियर रेजिडेंट तथा फैकल्टी 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। रूटीन ऑपरेशन बंद रहेंगे और केवल आपातकालीन सर्जरी की जाएगी। रेडियोलॉजी और लैब सेवाएं भी इमरजेंसी व भर्ती मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर दी जाएंगी। शैक्षणिक गतिविधियों को किसी भी सूरत में प्रभावित न करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने डॉक्टरों की हड़ताल को गलत बताते हुए कहा कि आपात सेवाओं में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर स्वास्थ्य संस्थान से रोजाना रिपोर्ट ली जा रही है। मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटने के बाद डॉक्टरों की उनसे बातचीत करवाई जाएगी। आरडीए अध्यक्ष डॉ. सोहेल शर्मा ने कहा कि आईजीएमसी में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन बिना पूरी जांच के मात्र छह घंटे में निलंबन और 48 घंटे में बर्खास्तगी का फैसला एकतरफा है। इससे चिकित्सक पेशे और संस्थान की साख को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने मांग की कि सरकार बर्खास्तगी का आदेश वापस ले, डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और निष्पक्ष जांच के बाद ही कोई निर्णय ले।

**क्या है मामला** : आईजीएमसी में एक मरीज की ब्रोंकोस्कॉपी के बाद बेड को लेकर सीनियर रेजिडेंट डॉ. राघव नरुला और मरीज पक्ष के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। इस संबंध में पुलिस में दोनों पक्षों की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद प्रशासन ने डॉ. नरुला को बर्खास्त कर दिया। इसी फैसले के विरोध में प्रदेशभर में डॉक्टर हड़ताल पर हैं।

# पर्यटन सीजन में देह व्यापार पर पुलिस का शिकंजा

समर न्यूज़ | मनाली

पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर देह व्यापार से जुड़े दूसरे गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि जबरन धंधे में धकेली गई चार युवतियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। मामले की जांच थाना प्रभारी मनीष शर्मा कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, मालरोड और बाहणु पुल क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद निगरानी बढ़ाई गई थी। इसी दौरान बाहणु पुल के पास जाल बिछाकर दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय निक्की परमार उर्फ योगी और धर्मेंद्र सोल्की के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले बताए गए हैं।

पुलिस ने चारों युवतियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है और आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाहरी राज्यों से लड़कियों को लाकर पर्यटन सीजन के दौरान देह व्यापार में धकेला जा रहा था। उधर, डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि नववर्ष के दौरान सक्रिय ऐसे गिरोहों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

गौरतलब है कि बीते रविवार को भी पुलिस ने मालरोड क्षेत्र में सुनियोजित कार्रवाई करते हुए देह व्यापार से जुड़े एक अन्य गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। मालरोड क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों से पर्यटन कारोबारियों में चिंता बनी हुई थी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को इस नेटवर्क से जुड़े और लोगों की जानकारी मिली है, जिससे आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# भवन निर्माण से छात्रों को मिलेगी बेहतर आधुनिक सुविधाएं: उपायुक्त

समर न्यूज़ | बिलासपुर

बिलासपुर जिले के घुमारवीं स्थित केंद्रीय विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक एवं विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें सबसे अहम विषय विद्यालय के स्थायी भवन का निर्माण रहा। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि की एफसीए (फॉरेस्ट क्लीयरेंस एक्ट) से संबंधित स्टेज-2 की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है। इसके साथ ही अब विद्यालय के स्थायी भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।


उपायुक्त राहुल कुमार। - समर न्यूज़

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाने तथा सभी आवश्यक औपचारिकताओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेगा। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार ने यह भी जानकारी दी कि वह शीघ्र ही दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। इस दौरान वे विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन देंगे और उन्हें आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे।

# कांग्रेस स्थापना दिवस पर हमीरपुर में हुआ विशेष कार्यक्रम का आयोजन

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर हमीरपुर स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती ने की। इस मौके पर एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष टोनी ठाकुर सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और विभिन्न फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने देश की आजादी की लड़ाई में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के योगदान को याद किया और लोकतंत्र व संवैधानिक मूल्यों की स्थापना में पार्टी की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। सुमन भारती ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान की रक्षा की है और स्थापना दिवस पर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# बीड़ बिलिंग में पैराग्लाइडिंग हादसा, पायलट की मौत

समर न्यूज़ | बैजनाथ

बैजनाथ के बीड़ बिलिंग टेक ऑफ पॉइंट पर शनिवार को एक दर्दनाक पैराग्लाइडिंग हादसा हुआ, जिसमें अनुभवी पायलट की मौत हो गई। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि टैंडम फ्लाइट के दौरान ग्लाइडर में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे पायलट अनियंत्रित होकर सड़क के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

पायलट को गंभीर सिर में चोट लगी थी और रास्ते में अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई, जबकि उड़ान में सवार पर्यटक सुरक्षित रहा। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और रेस्क्यू टीम ने पायलट व पर्यटक को बैजनाथ सिविल अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन एम्बुलेंस ट्रैफिक जाम में फंस गई। एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस ने मामले में तकनीकी खराबी, मानवीय भूल या मौसम की स्थिति की जांच शुरू कर दी है। यह साल 2025 में कांगड़ा जिले में तीसरा ऐसा हादसा है। जनवरी में इंद्रूनाग साइट पर एक महिला की मौत हुई थी, वहीं बिलिंग में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान भी एक महिला की जान गई थी।


पैराग्लाइडिंग करते हुए पर्यटक। - समर न्यूज़

# केंद्र से मिली राहत राशि तुरंत आपदा प्रभावितों तक पहुंचाए प्रदेश सरकार: डॉ. राजीव बिंदल

समर न्यूज़ | मंडी

हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई 601 करोड़ रुपये की राहत राशि को बिना देरी किए आपदा प्रभावितों तक पहुंचाया जाए। नाचन विधानसभा क्षेत्र के चैलचौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार प्रदेश की मदद कर रही है, लेकिन प्रदेश सरकार इस राशि का सही उपयोग नहीं कर पा रही है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाई-भतीजावाद के तहत राहत राशि की बंदरबांट की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार आई धनराशि को केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर वास्तविक पीड़ितों तक पहुंचाया जाना चाहिए। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने भारी कर्ज लेकर हिमाचल को आर्थिक संकट की ओर धकेल दिया है। पिछले तीन वर्षों में सरकार 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज ले चुकी है, जिससे आम जनता पर बोझ बढ़ा है और विकास कार्य ठप पड़े हैं। वीबी-जीराम-जी योजना को लेकर कांग्रेस के विरोध पर डॉ. बिंदल ने कहा कि यह मनरेगा से अलग एक नई योजना है, जिसका उद्देश्य गांवों का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सिर्फ इसलिए इस योजना का विरोध कर रही है क्योंकि इसमें भगवान राम का नाम जुड़ा है। इस अवसर पर नाचन विधायक विनोद कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, सुंदरनगर के जिला अध्यक्ष हीरा लाल सहित अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को सम्मानित करते हुए। - समर न्यूज़

# आईजीएमसी हड़ताल पर नेगी का भाजपा पर हमला

संजू | शिमला
समर न्यूज़

आईजीएमसी हड़ताल को लेकर राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा नेताओं की बयानबाजी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद चिकित्सकों का हड़ताल जारी रखना गलत है, जिससे मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। मंत्री ने विपक्ष पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। नेगी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से बैठक कर उच्च स्तरीय इंक्वायरी कमेटी बनाने का आश्वासन दिया था, इसलिए रिपोर्ट आने तक इंतजार किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी डॉक्टरों की हड़ताल पर उच्च न्यायालय ने गंभीर संज्ञान लिया है। एनडीआरएफ के तहत 601 करोड़ रुपये को लेकर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के बयान को मंत्री ने निराधार बताया।

# चिंतपूर्णी माता मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब


दर्शन करने के लिए लाइन में खड़े श्रद्धालु। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | चिंतपूर्णी

मां चिंतपूर्णी के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पर वर्ष के अंतिम महीने के अंतिम रविवार को भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु कतारबद्ध खड़े रहे। मंदिर प्रशासन के अनुसार, दोपहर 1:00 बजे तक श्रद्धालुओं की कतार पुराने बस स्टैंड तक पहुंच गई थी। लगभग 10,000 से अधिक भक्तों ने मां की पवित्र पिंडी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

पंजाब के लुधियाना से आए श्रद्धालु गगनप्रीत ने मनोकामना पूरी होने पर दंडवत होकर मां के चरणों में शीश नवाया और आभार जताया। सुरक्षा और लाइन प्रबंधन के लिए मंदिर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। गेट नंबर 1 और 2 पर होमगार्ड तैनात किए गए थे, वहीं बड़ी संख्या में भक्तों ने सुगम दर्शन प्रणाली का उपयोग कर लिफ्ट मार्ग से आसानी से दर्शन किए।

# चिंतपूर्णी में रोबोटिक सर्विस की शुरुआत

समर न्यूज़ | चिंतपूर्णी

लॉर्ड स्टूडियो इन रेस्टोरेंट ने गेस्ट के लिए एक अनोखा अनुभव पेश किया है। यह क्षेत्र का पहला रेस्टोरेंट बन गया है, जहां रोबोट गेस्ट को खाना परोस रहे हैं। रेस्टोरेंट के मैनेजर अश्विनी राणा ने बताया कि फिलहाल दो रोबोट सर्विस में लगाए गए हैं। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो भविष्य में रोबोट की संख्या बढ़ाई जाएगी। रोबोट को विशेष ऐप के माध्यम से संचालित किया जाता है, जिसमें ऑर्डर फीड करते ही रोबोट तय टेबल तक भोजन पहुंचाता है। यह आधुनिक तकनीक गेस्ट के बीच खासा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लॉर्ड स्टूडियो इन ग्रुप पहले से ही अपनी बेहतर सर्विस और नए प्रयोगों के लिए जाना जाता है। रोबोटिक सर्विस के जरिए रेस्टोरेंट ने गुणवत्ता, नवाचार और यादगार अनुभव देने की दिशा में एक नया कदम उठाया है।

### पारंपरिक खेती छोड़ ड्रैगन फ्रूट की खेती अपनाई, पहली ही फसल में हजारों की कमाई

# सरकाघाट के प्रेम चंद ने ड्रैगन फ्रूट की खेती से बदली तकदीर

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

अब तक दक्षिण और पश्चिम भारत तक सीमित मानी जाने वाली ड्रैगन फ्रूट की खेती हिमाचल प्रदेश में भी किसानों के लिए आय का नया और लाभकारी साधन बनकर उभर रही है। मंडी जिला के सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत जुकैण के ठौर गांव निवासी प्रेम चंद ने पारंपरिक खेती छोड़कर ड्रैगन फ्रूट की खेती अपनाई और कम समय में बेहतर आमदनी हासिल कर क्षेत्र के किसानों के लिए मिसाल कायम की है। प्रेम चंद ने उद्यान विभाग के मार्गदर्शन में आधुनिक बागवानी को अपनाया। विभाग की ओर से उन्हें तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और सरकारी अनुदान उपलब्ध करवाया गया, जिससे उन्होंने इस नई फसल की शुरुआत करने का निर्णय लिया। वर्ष 2024 में उन्होंने लगभग ढाई बीघा भूमि पर जम्बो रेड किस्म के ड्रैगन फ्रूट के करीब 800 पौधे लगाए। ड्रैगन फ्रूट की खेती से पहले ही सीजन में उन्हें उत्साहजनक परिणाम मिले। वर्ष 2025 में प्रारंभिक फसल से प्रेम चंद ने करीब 50 हजार रुपये की आमदनी अर्जित की। अब तक लगभग 2 क्विंटल उत्पादन हो चुका है, जिसे उन्होंने बाजार में 250 से 300 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा। उनका कहना है कि कम पानी की आवश्यकता, कम रख-रखाव और बेहतर बाजार मूल्य के कारण ड्रैगन फ्रूट किसानों के लिए एक लाभकारी फसल साबित हो रही है।


किसान प्रेम चंद। - समर न्यूज़

प्रेम चंद के पुत्र अर्जुन ने बताया कि वे प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता देते हुए ड्रैगन फ्रूट के साथ-साथ सीताफल और पपीता जैसे अन्य फलदार पौधों की खेती भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बागवानी विभाग से ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए 62 हजार रुपये की सब्सिडी मिली है। वहीं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप सिंचाई सुविधा पर 25 हजार रुपये खर्च हुए, जिसमें से 80 प्रतिशत यानी 20 हजार रुपये की सब्सिडी सरकार द्वारा प्रदान की गई। उद्यान विकास अधिकारी डॉ. विपिन ने बताया कि सरकाघाट क्षेत्र में ड्रैगन फ्रूट की खेती किसानों की आय बढ़ाने का एक टिकाऊ और प्रभावी विकल्प बन रही है। उन्होंने कहा कि प्रेम चंद जैसे प्रगतिशील किसानों ने यह सिद्ध कर दिया है कि विभागीय योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन का सही उपयोग कर कम भूमि में भी अच्छी आमदनी संभव है।

उन्होंने जानकारी दी कि सरकार ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 3.37 लाख रुपये तक का अनुदान भी प्रदान कर रही है। पोषक तत्वों और औषधीय गुणों से भरपूर ड्रैगन फ्रूट को 'सुपर फ्रूट' भी कहा जाता है। यह न केवल स्वास्थ्यवर्धक है, बल्कि लंबे समय तक बिना फ्रिज के सुरक्षित भी रह सकता है। हालांकि इसके लाभों को लेकर अभी आम लोगों में जागरूकता की आवश्यकता है।

**इतिहास**

### 18वीं शताब्दी से जुड़ा है मंडी कलम चित्रकला का गौरवशाली इतिहास

# विलुप्त होती मंडी कलम कला को नया जीवन देने की पहल

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

सैकड़ों वर्षों पुरानी मंडी कलम चित्रकला जो कभी मंडी रियासत की सांस्कृतिक पहचान हुआ करती थी समय के साथ इतिहास के पन्नों में सिमटती चली गई। बदलते दौर, पाश्चात्य प्रभाव और संरक्षण के अभाव में यह अनमोल कला लगभग विलुप्त हो चुकी थी। अब जिला प्रशासन और भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त प्रयासों से इस प्राचीन धरोहर को पुनर्जीवित करने की दिशा में सराहनीय कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में मंडी में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें 40 से अधिक युवा प्रतिभागी इस दुर्लभ चित्रकला शैली का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य मंडी कलम की पारंपरिक तकनीकों और बारीकियों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।


पेंटिंग करते हुए बच्चे। - समर न्यूज़

मंडी कलम चित्रकला का इतिहास 18वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है। उस दौर में यह कला तत्कालीन सामाजिक, सांस्कृतिक और राजसी जीवन को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने का प्रमुख माध्यम थी। सूक्ष्म रेखाएं, प्राकृतिक रंग और पारंपरिक कागज इस शैली की विशेष पहचान रही है। 19वीं सदी में पाश्चात्य कला शैलियों के प्रभाव के चलते यह कला धीरे-धीरे हाशिये पर चली गई और इसके पारंपरिक कलाकार भी समाप्त होते चले गए। अब इस ऐतिहासिक कला को पुनर्जीवित करने के लिए मंडी जिला प्रशासन और भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। इसमें मंडी और कांगड़ा जिलों के अनुभवी कलाकार युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रतिभागियों को मंडी कलम की बुनियादी तकनीकों से लेकर इसकी सूक्ष्म कलात्मक विशेषताओं तक की जानकारी दी जा रही है।

इस अवसर पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि मंडी कलम आज संरक्षण और संरक्षकों की सबसे अधिक आवश्यकता महसूस कर रही है। यह कार्यशाला एक प्रारंभिक प्रयास है, जिसे भविष्य में और व्यापक स्तर पर विस्तार दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवा इस कला से जुड़ सकें। कार्यशाला में मंडी के प्रसिद्ध कलाकार राजेश कुमार, कांगड़ा के सुशील कुमार, राजीव कुमार और संजीव कुमार प्रशिक्षण दे रहे हैं। कलाकार राजेश कुमार ने बताया कि मंडी कलम एक मिनिएचर आर्ट है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विशेष पहचान मिली है। उनका उद्देश्य इस विलुप्तप्राय कला की मौलिकता को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना है।

प्रशिक्षण ले रहे युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशिक्षु पल्लवी शर्मा और अश्वनी राणा ने कहा कि उन्हें इस प्राचीन कला को सीखने का दुर्लभ अवसर मिला है, जिसके बारे में उन्होंने पहले केवल सुना ही था। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन और भाषा एवं संस्कृति विभाग का आभार व्यक्त किया। हाल के वर्षों में मंडी कलम के कुछ दुर्लभ चित्र अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपये में बिके हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि यह कला आज भी विश्व स्तर पर सराही जाती है। यदि इस तरह के प्रयास निरंतर जारी रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब मंडी कलम चित्रकला एक बार फिर अपनी खोई हुई पहचान हासिल करेगी और आने वाली पीढ़ियां इस सांस्कृतिक विरासत पर गर्व कर सकेंगी।

# जयराम ठाकुर ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

समर न्यूज़ | शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के जम्मू-कश्मीर प्रांत के 61वें क्रांति अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले स्थित सुनील उपाध्याय नगर में आयोजित अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त करने में एबीवीपी का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने संगठन को व्यक्ति और चरित्र निर्माण की कार्यशाला बताते हुए कहा कि ज्ञान, शील और एकता के मूल मंत्र के साथ यह संगठन निरंतर आगे बढ़ता रहे, यही कामना है। अपने प्रवास के दौरान जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में विद्यार्थी परिषद के प्रमुख स्तंभ रहे स्वर्गीय सुनील उपाध्याय के पैतृक गांव पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को भी सुना। इसके साथ ही उन्होंने लखनपुर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।


जयराम ठाकुर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। - समर न्यूज़

कार्यक्रम से पूर्व मीडिया से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और लोकतांत्रिक मजबूती की नई शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की घटनाओं में कमी आई है, बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हुआ है, निवेश बढ़ा है और पर्यटन ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाएं अब अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। जम्मू प्रवास के बाद जयराम ठाकुर नूरपुर पहुंचे, जहां भाजपा के संगठनात्मक जिला नूरपुर में मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ परिचय बैठक में शामिल हुए। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क विस्तार और पार्टी गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस अवसर पर विधायक रणवीर सिंह निक्का सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नए साल को लेकर मोहाली पुलिस अलर्ट, 3बी2 मार्केट में की वाहनों की चेकिंग, दो कारें और एक बाइक जब्त

## कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने चलाया नाइट डोमिनेशन ऑपरेशन, 12 चालान काटे

सारंश मेहरा | मोहाली
समर न्यूज़

आगामी नववर्ष समारोहों को ध्यान में रखते हुए शहरी क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हांस के निर्देशों के अनुरूप मोहाली पुलिस द्वारा शहर की सबसे व्यस्त 3बी2 मार्केट में शुक्रवार रात नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। यह अभियान डीएसपी सिटी-1 पृथ्वी सिंह चहल के नेतृत्व में संचालित किया गया।


पुलिस टीम गाड़ियों की जांच करती हुई। - समर न्यूज़

अभियान के दौरान नियमित गश्त और वाहनों की जांच की गई, ताकि गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके तथा देर रात बाजार में आने वाले नागरिकों और दुकानदारों में सुरक्षा की भावना पैदा की जा सके।

नाइट डोमिनेशन के दौरान पुलिस टीमों द्वारा वाहनों की गहन जांच तथा संदिग्ध तत्वों का सत्यापन किया गया। इस कार्रवाई के दौरान नियमों के उल्लंघन पर 2 कारें और 1 मोटरसाइकिल जब्त की गईं, 12 ट्रैफिक चालान किए गए तथा सार्वजनिक शांति भंग से संबंधित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 128 के तहत 2 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

एसएसपी हरमनदीप सिंह हांस ने कहा कि इस प्रकार के नाइट डोमिनेशन अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं, जो अपराध की रोकथाम, ट्रैफिक उल्लंघनों पर नियंत्रण तथा वाणिज्यिक और आवासीय क्षेत्रों में सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस की रणनीति का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने विशेष रूप से रात्रि के समय भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रति मोहाली पुलिस की पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराई। मोहाली पुलिस ने आम जनता और दुकानदारों से अपील की है कि वे जांच और गश्त के दौरान पुलिस का पूरा सहयोग करें तथा ट्रैफिक एवं नागरिक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। साथ ही नागरिकों से अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया गया है। एसएसपी हांस ने कहा कि शहर के विभिन्न हिस्सों में आने वाले दिनों में भी इस प्रकार के नाइट डोमिनेशन अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि नववर्ष के त्योहारी माहौल के दौरान कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### आरोपी भागने की कर रहे थे कोशिश, पुलिस ने पकड़ा

# 9 किलोग्राम चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन में दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 9 किलो चरस बरामद की है। इस बारे में जानकारी देते हुए एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि एसपी (रूरल) मनप्रीत सिंह और डीएसपी (टेम्परारी चार्ज) नवीनपाल सिंह लेहल की देखरेख में एसएचओ रणबीर सिंह संधू के नेतृत्व में लालडू थाने की पुलिस टीम ने यह सफल ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि संदिग्धों की जांच के लिए चलाए जा रहे। पेट्रोलिंग और सर्च ऑपरेशन के दौरान, 26 दिसंबर को दोपहर करीब 3.20 बजे, झरमडी बैरियर के पास एक आदमी और एक औरत बस से उतरे और भारी बैग लेकर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ लिया। सर्च के दौरान, आदमी आरोपी के पास से 5 किलो चरस और उसके साथ मौजूद औरत के पास से 4 किलो चरस बरामद हुई। पूछताछ के दौरान, आरोपियों की पहचान बाजबीर बुद्धा पुत्र भगत बहादुर बुद्धा, निवासी गांव केइया, थाना बागाने, जिला पिथना (नेपाल) और महिला की पहचान ज्योति बुद्धा मगर पत्नी नारायण बुद्धा मगरा, निवासी गांव सदवारिया, थाना डांग (नेपाल) के रूप में हुई। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 29-61-85 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करके पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। मामले की अच्छी तरह से जांच की जा रही है ताकि ड्रग ट्रैफिकिंग से जुड़े सोर्स और नेटवर्क का पता लगाया जा सके।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

# उपायुक्त ने पुल की 10 दिन में जांच रिपोर्ट की तलब

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने जिले में बाढ़ बचाव कार्य की समीक्षा की को लेकर संबंधित अधिकारियों की टीम के साथ दौरा किया ओर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नदी मे कटाव ओर बाढ़ बचाव कार्य का एस्टीमेट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम कालका सयम गर्ग, एसडीएम पंचकूला चन्द्रकान्त कटारिया मौजूद थे। उपायुक्त ने सुरजपुज नदी में कटाव होने व लगे डंगे की समीक्षा की व मौके पर ही नदी के बाकी छुटे भाग की पेमाइस करवाई इसके अलावा ग्रामीणों से बातचीत भी की ओर सिचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता दीपक कुमार को अनुमानित लागत का एस्टिमेट बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सुखु माजरा, शाहपुर झांझर नदी, बालन नदी का निरीक्षण किया संबंधित अधिकारी को होने वाले कार्य का एस्टीमेट बनाकर के निर्देश दिए। उपायुक्त ने रिहोड़ बरवाला के पूल की 10 दिन में चीफ इंजीनियर एचएसवीपी व पीडब्लूडी की सयुक्त टीम से जांच करवा कर पुल की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए कि ताकि जल्दी से जल्दी पुल पर आना जाना सुचारू रूप से किया जा सके। रायपुररानी में ककराली, डांगरी नदी में भूमि कटाव का भी निरीक्षण किया ओर सिचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता दीपक कुमार को स्टोन स्टड्स लगाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारीयों को निर्देश दिए कि अभी बारिस आने का काफी समय बाकी है। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों से बाढ़ बचाव को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है ताकि समय रहते बाढ़ बचाव कार्य को पूरा किया जा सके। उपायुक्त ने रिहोड़ पूल के पास एनएचएआई को मिट्टी डलवा कर ठीक करवाने के निर्देश दिए ताकि लोगो को परेशानी का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त सतपाल शर्मा ने संबंधित अधिकारीयों को निर्देश दिए बाढ़ बचाव कार्य को लेकर अपनी एस्टीमेट ओर रिपोर्ट जल्द से जल्द बनाकर भेज दे ताकि सरकार को सारी जानकारी भेजी जा सके और बाढ़ बचाव कार्यों को जिले में समय से पहले करवाया जा सके।


उपायुक्त समीक्षा करते हुए। - समर न्यूज़

### टाइल फैक्ट्री से केबल वायर चोरी का खुलासा, चोरीशुदा माल बरामद

# केबल वायर चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

पिंजौर थाना क्षेत्र में टाइल फैक्ट्री से केबल वायर चोरी के मामले में पंचकूला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा माल बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ए. रंगनाथन, निवासी जीरकपुर (पंजाब) ने थाना पिंजौर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 दिसंबर 2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फैक्ट्री से केबल वायर काटकर चोरी कर ली गई।

शिकायत के आधार पर थाना पिंजौर में मुकदमा दर्ज कर धारा 305, 331(4) BNS के तहत दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर करण उर्फ जादू पुत्र रतनलाल, निवासी महादेव कॉलोनी सूरजपुर को 27 दिसंबर को अमरावती अंडर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई केबल वायर बरामद की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 14 दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर जिला कारागार भेजने की प्रार्थना की गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

# मजदूर पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### हमला करके फरार हो गया था आरोपी

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

सेक्टर-19 पुलिस चौकी टीम ने इंचार्ज एसआई मलकीत सिंह के नेतृत्व में एक मजदूर पर चाकू से हमला करने के मामले में फरार हुए आरोपी को पंजाब के पटियाला से गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर-19 फेज-II औद्योगिक क्षेत्र में मजदूर हरि सिंह पर उसके साथी ने बिना कारण गाली-गलौज के बाद पेट में किसी नुकीली वस्तु से वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस चौकी सेक्टर-19 द्वारा मामले की जांच करते हुए पीड़ित का बयान दर्ज किया गया। मेडिकल रिपोर्ट व बयान के आधार पर थाना सेक्टर-20 पंचकूला में धारा 115(2), 118(1), 351(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी गरनैल राम, निवासी राम नगर चुन्नी, देवीगढ़, जिला पटियाला (पंजाब) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

# स्कूटी सवार ने पैदल युवक को मारी टक्कर, घायल

समर न्यूज़ | पंचकूला

सेक्टर-17 क्षेत्र में एक स्कूटी सवार द्वारा पैदल जा रहे युवक को टक्कर मारने का मामला सामने आया है। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल की शिकायत पर सेक्टर-14 थाना पुलिस ने आरोपी स्कूटी सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजीव कॉलोनी, सेक्टर-17 निवासी मनी कुमार सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता सेक्टर-17 में होटल चलाते हैं, जहां वह भी काम करता है। शनिवार रात करीब 8 बजे वह होटल से घर लौट रहा था। जब वह विजिलेंस थाने के पास पहुंचा, तभी पीछे से आए एक स्कूटी सवार ने उसे टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से मनी कुमार सड़क पर गिर गया, जिससे उसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आईं। हादसे में उसके दांत भी टूट गए। घटना के समय उसका भाई सोनू सैनी भी मौके पर पहुंच गया। लोगों की भीड़ जुटती देख आरोपी स्कूटी सवार मौके से फरार हो गया। घायल को तुरंत सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। फिलहाल वह निजी अस्पताल में अपने दांतों का इलाज करवा रहा है।

पुलिस जांच में स्कूटी सवार की पहचान सेक्टर-17 स्थित अल्फा सोसाइटी निवासी सागर के रूप में हुई है।

सेक्टर-14 थाना पुलिस के जांच अधिकारी एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर धारा 281, 125(ए) और 125(बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चपरासी हमारे, अफसर बाहर के फार्मूले पर चल रही सरकार

### युवाओं के साथ हो रहा मजाक, बड़ी भर्तियों में बाहरी उम्मीदवारों को तरजीह का आरोप

समर न्यूज़ | पंचकूला

जननायक जनता पार्टी (जजपा) के पंचकूला जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर सरकारी भर्तियों को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चपरासी हमारे, अफसर बाहर के के फार्मूले पर भर्तियां की जा रही हैं, जिससे हरियाणा के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। ओपी सिहाग ने कहा कि सरकार प्रदेश के लाखों होनहार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर केवल चतुर्थ श्रेणी के पदों तक सीमित कर रही है और पारदर्शिता का ढिंढोरा पीट रही है, जबकि विभिन्न विभागों के बड़े और प्रभावशाली पदों पर 70 से 80 प्रतिशत नियुक्तियां बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों की की जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी मंशा के तहत हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन के चेयरमैन पद पर भी प्रदेश के अनुभवी और योग्य व्यक्ति को दरकिनार कर बाहरी प्रदेश के व्यक्ति की नियुक्ति की गई है ताकि सरकार के प्रभावशाली लोगों के इशारे पर काम हो सके। जजपा जिला अध्यक्ष ने उदाहरण देते हुए कहा कि हाल ही में टावर यूटिलाइजेशन विभाग में सहायक अभियंता के सामान्य वर्ग के 214 पदों में से 185 पद बाहरी प्रदेशों के उम्मीदवारों को दिए गए।

इसी प्रकार सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता के सामान्य वर्ग के 49 पदों में से 28 पद बाहरी उम्मीदवारों के हिस्से में गए। उन्होंने बताया कि सिविल जज के 110 रिक्त पदों में से 60 पर बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों का चयन किया गया, जबकि तकनीकी शिक्षा विभाग में अधिकारियों के 153 सामान्य पदों में से 106 पद बाहरी उम्मीदवारों को दिए गए।

ओपी सिहाग ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार नियमित भर्ती नहीं करना चाहती। इसके बजाय एचकेआरएन के माध्यम से पिछले दरवाजे से अपने कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां की जा रही हैं, जिनमें न तो मेरिट का ध्यान रखा जाता है और न ही आरक्षण का।

उन्होंने इसे प्रदेश के होनहार बेरोजगार युवाओं और विशेषकर अनुसूचित जाति के युवाओं के साथ बड़ा धोखा बताया। सिहाग ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में होने वाली भर्तियों में प्रदेश के युवाओं को प्राथमिकता दी जाए, अन्यथा जिस दिन हरियाणा का युवा जाग गया, सरकार के कर्णधारों के लिए हालात संभालना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने मांग की कि प्रदेश सरकार सभी विभागों में नियमित भर्तियां करे और उनमें मेरिट के साथ-साथ आरक्षण के प्रावधानों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए।

# छतबीड़ चिड़ियाघर के जानवरों की खुराक पर खास ध्यान



जूलॉजिकल पार्क। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के वन एवं वन्य जीव संरक्षण मंत्री लाल चंद कटारूचक्क की अगुवाई में विभाग द्वारा सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए छतबीड़ चिड़ियाघर में जानवरों की खुराक संबंधी जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस संबंध में, सर्दियों के दौरान हरेक भालू को रोजाना 100 ग्राम शहद के साथ-साथ रोजाना 1 किलोग्राम गन्ना दिया जा रहा है। इसके अलावा, सभी शाकाहारी जानवरों के चाटने के लिए चट्टानी नमक भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसके अलावा, सर्दियों के दौरान हरेक हिरण को रोजाना 100 ग्राम गुड़ दिया जा रहा है तथा हरेक बंदर को रोजाना 20 ग्राम गुड़ दिया जा रहा है तथा रोजाना 100 ग्राम गन्ना भी खिलाया जा रहा है। इतना ही नहीं, सर्दियों के मौसम में हर हाथी को रोजाना 100 किलोग्राम गन्ना दिया जा रहा है तथा छोटे पक्षियों के लिए अलसी के बीज और पोषण सप्लीमेंट भी सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

# अग्रवाल सभा का नई कार्यकारिणी का गठन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

अग्रवाल सभा (रजि.) चंडीगढ़ में संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

महाराजा अग्रसेन स्मृति भवन, सेक्टर-30ए में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से मंगत राम बंसल को अध्यक्ष, सुनील गुप्ता को महामंत्री और अनिल गोयल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रेस सचिव डॉ. शेखर जिंदल के अनुसार नई नियुक्तियों का उद्देश्य समाज कल्याण कार्यों को गति देना तथा युवाओं व व्यापारी वर्ग को एक मंच पर जोड़ना है।

सभा ने आगामी वर्ष में सामाजिक सेवा, सामुदायिक स्वास्थ्य, शिक्षा सहायता और मातृ-शिशु कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की घोषणा की है।

# दूध व ब्रैड पकौड़े का लंगर लगाया

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

सरबंशदानी दशमेश पिता धन धन गुरू गोबिंद सिंह जी के लाडले साहिबजादों व माता गुजरी जी की शहादत को समर्पित हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाजसेवी परिवार व संगत के सहयोग से नयागांव नाड़ा रोड नजदीक राजु ढाबा पर दुध व ब्रैड पकोड़ों का लंगर लगाया गया। दूध व पकोड़ों का लंगर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक लगाया गया। सैंकड़ों राहगीरों, सरदालुयों व दुकानदारों ने लंगर बड़ें प्यार व सरधा से छका।

इस अवसर समाजसेवी जगजीत सिंह, जसबीर सिंह व परमजीत सिंह नया गांव ने बताया कि साहबजादों व माता गुजरी की शहादत की याद में हर वर्ष दूध पकौडों का लंगर लगाया जाता है। उन्होंने कहा साहिबजादों की शहादत दुनियां के इतिहास में बेमिसाल हैं।



लंगर लगाते हुए श्रद्धालु। - समर न्यूज़

उन्होने संगत व नौजवान पीढ़ी को अपील की वो गुरु साहिब की ओर से दरसाहे हुए सच व धर्म के मार्ग पर चले व आपने अमीर विरसे से जुड़ें।

इस अवसर समाजसेवी रशपाल सिंह, कंवलजीत सिंह मुनीश डोगरा, अमरीक सिंह, मनप्रीत सिंह, परमिंदर कौर, गुरमीत कौर, रविंद्र कौर, जसलीन कौर व जसवंत सिंह ने विशेश तौर पर हाजरी लगवाई। इस मौके कंवलजीत कौर, मनिंदर सिंह, प्रभजीत सिंह, गूरप्रीत कौर, हरप्रीत सिंह , रीत प्रीत , अगमजीत सिंह मनमिंदर सिंह व इंद्रजीत सिंह ने लंगर की तन मन से सेवा निभाई।

**चैंपियनशिप** | विधायक कुलवंत सिंह ने 9वीं गतका चैंपियनशिप 2025 में विजेताओं को बांटे ईनाम

# विरासती खेलों को बचाना है हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी: कुलवंत सिंह

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

9वीं नेशनल सीनियर गतका चैंपियनशिप-2025 का आयोजन 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ को समर्पित किया गया। यह गतका चैंपियनशिप गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गुरुद्वारा श्री रतवाड़ा साहिब, न्यू चंडीगढ़ मोहाली में आयोजित की गई थी। यह इवेंट पंजाब गतका एसोसिएशन द्वारा एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट राजिंदर सिंह सोहल के नेतृत्व में विश्व गुरमत स्पिरिचुअल मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट और डिस्ट्रिक्ट गतका एसोसिएशन की ओर से मिलकर आयोजित किया गया था।


विधायक कुलवंत सिंह विजेताओं को इनाम बांटते हुए। - समर न्यूज़

विधायक मोहाली कुलवंत सिंह ने इस गतका चैंपियनशिप में चीफ गेस्ट के तौर पर हिस्सा लिया और इनाम बांटे। विधायक कुलवंत सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस 9वीं गतका चैंपियनशिप-2025 में 20 राज्यों के युवा हिस्सा ले रहे हैं और मैं इस मौके पर गतका चैंपियनशिप के ऑर्गनाइजर्स को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का मौका दिया और मैं इस मौके पर बड़ी संख्या में आए गतका प्रेमियों को भी बधाई देता हूं कि वे विरासत से जुड़े खेल गतका को देखने के लिए बड़ी संख्या में आए हैं।

विधायक कुलवंत सिंह ने यह भी कहा कि विरासत से जुड़ा खेल तभी जिंदा रहता है और तभी जिंदा रह सकता है जब सभी लोग मिलकर इस विरासत के खेल को देखें और आज अलग-अलग जगहों पर इस खेल का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं कि मुझे इस गतका चैंपियनशिप में बड़ी संख्या में गतका प्रेमियों के साथ बैठने का मौका मिला है। इस मौके पर खिलाड़ियों ने गतका कला का जोहर दिखाएं, विधायक कुलवंत सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सरकार जहां राज्य के हर तरह के विकास के लिए बड़ी योजनाएं लागू कर रही है, वहीं पंजाब के खेलों, खिलाड़ियों और खेल ऑर्गनाइज करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया जा रहा है। भगवंत सिंह मान सरकार की योजनाओं की वजह से पंजाब में खेलों के लिए अच्छा माहौल बना है, जिसकी वजह से आज पंजाब के शहरों में गांवों के नाम पर बड़ी-बड़ी चैंपियनशिप हो रही हैं, जो पूरे खेल जगत के लिए खुशी की बात है।

विधायक कुलवंत सिंह ने यह भी कहा कि पंजाब में जहां सरकार की तरफ से खोले गए मोहल्ला क्लीनिक में हर दिन हजारों मरीज अपनी सेहत की जांच करवाते हैं और उनके फ्री टेस्ट और जरूरी दवाएं भी दी गई हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में अलग-अलग डिपार्टमेंट में बड़े पैमाने पर बेरोजगारों को नौकरियां दी जा रही हैं।

इस मौके पर एक्टिव प्रेसिडेंट गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया राजिंदर सिंह सोहल, बाबा लखबीर सिंह चेयरमैन विश्व गुरमत स्पिरिचुअल चैरिटेबल ट्रस्ट रतवाड़ा साहिब, बाबा सुखविंदर सिंह, बाबा हरभजन सिंह, आप नेता कुलदीप सिंह सीनियर डॉ. कुलदीप सिंह, हरपाल सिंह चन्ना, मास्टर अमरजीत सिंह कुंबरा, दविंदर सिंह जुगनी, सीनियर आप नेता हरमेश सिंह कुंबरा, अकविंदर सिंह गोसल, जगतार सिंह जग्गी, निर्मल सिंह, बलजीत सिंह, परगट सिंह भी मौजूद थे।



# एक ही खुराक में खाँसी चलना बंद करता है यह उपाय

सर्दी, खांसी और जुकाम ये एक परिवार के रोग है और इनके दवाई) भी लगभग एक है।
आइये देखते है आपके रसोई मे सर्दी, खांसी और जुखाम के लिए क्या क्या दवाई है ,अदरक या सोंठ, अदरक को ही दूसरे नाम मे सोंठ कहते है, जब अदरक सूख जाती है तो सोंठ बन जाती है। दूसरी सबसे बढ़िया औषधि हल्दी है, तीसरी सबसे अच्छी औषधि सर्दी-खासी और जुखाम के लिए चूना है, चौथी दालचीनी है, पांचवी सबसे प्रभावी किसमिस है।

इसके साथ कुछ सहयोगी (Complementary) औषधि है जो मुख्य (Main) औषधि के साथ मिश्रित करके उपयोग किया जाता है। वे है "काली मिर्च, तुलसी का पत्ता, शहद । इनको लेने का तरीका : 1. अदरक 10 ग्राम और 8-10 काली मिर्च को एक गिलास पानी में उबालकर पिएं।
**2.** अदरक के रस के साथ तुलसी का रस मिला लीजिये और हल्का गरम करके शहद या गुड़ मिलाकर सुबह खाली पेट, दोपहर और शाम को एक चम्मच करके ले लीजिये।
**3.** एक ग्लास देशी गाय के दूध मे चौथाई चम्मच हल्दी मिलाकर उसको कुछ देर उबाल कर रात को सोते समय लेना है, अगर दूध उपलब्ध नही है तो पानी मे भी ले सकते है। अगर आपको कच्ची हल्दी मिल जाए तो और भी अच्छा है, छोटे टुकड़े करके दूध मे उबाल सकते है।
यह हल्दी टोन्सीलाईटिस (Tonsillitis) के भी सबसे अच्छी दवाई है। बच्चो के टोन्सीलाईटिस का ऑपरेशन नही करवाना चाहिए – टोन्सीलाईटिस अगर Chronic है यानि पुराना है तो हल्दी को सीधा इस्तेमाल करना है, चम्मच मे आधा हल्दी भरके उसको मुह के अन्दर ले जा के हल्दी डाल देना है फिर लार के साथ मिल के हल्दी अन्दर जाएगी, इस समय पानी नही देना है एक घंटे तक। हफ्ते मे अगर आप दो या तीन दिन यह कर लिया, तो चौथे दिन बच्चे के टोन्सीलाईटिस ठीक हो जाएगी। और टोन्सीलाईटिस अगर एक्यूट (Acute) है माने हाल फ़िलहाल मे हुआ है तो आप दूध मे या पानी मे हल्दी मिलाके लीजिये।
गले की खराश, या गले मे किसी भी प्रकार का इन्फेक्शन हो, गला बैठ गया है, पानी पीने मे भी तकलीफ हो रही है, लार निकलने मे भी तकलीफ हो रही है, आवाज भरी हो गयी है।
इन सबके लिए एक ग्लास देशी गाय का दूध, एक चम्मच देशी गाय का घी और चौथाई चम्मच हल्दी को मिलाकर कुछ देर उबालना है फिर उसको घूँट घूँट करके शाम को एक बार चाय की तरह पीना है ।
दालचीनी पाउडर को शहद के साथ चाटने से कफ की खासी एक बार में ही चली जाती है,
अन्य कई प्रभावी नुस्खे हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले होते हैं। गाय के घी को नाक में नस्य के रूप में लें।

# काली हल्दीः एक ऐसा पौधा, जिसकी जड़ों में छीपा है औषधीय गुणों का खजाना

**काली** हल्दी एक बहुत ही खास और दुर्लभ पौधा है, जिसे आम हल्दी की तरह रोजमर्रा के मसाले के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाता, बल्कि इसे आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा में एक शक्तिशाली औषधि माना गया है। इसका वैज्ञानिक नाम कुरकुमा कैसिया है। बाहर से यह साधारण हल्दी जैसी ही दिखाई देती है, लेकिन जब इसके कंद को काटते हैं तो अंदर का रंग नीले से गहरे काले रंग का होता है, जो इसे बाकी सभी हल्दी से अलग बनाता है।
इसी अनोखे रंग और तेज सुगंध के कारण इसे काली हल्दी कहा जाता है। पुराने समय में लोग इसे बहुत संभालकर रखते थे और जरूरत पड़ने पर ही इसका उपयोग करते थे। आयुर्वेद में काली हल्दी का उपयोग दर्द, सूजन, सांस से जुड़ी समस्याओं, अस्थमा और जोड़ों के दर्द में किया जाता रहा है।



माना जाता है कि इसमें प्राकृतिक एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। गांवों में लोग इसे घरेलू दवा की तरह इस्तेमाल करते थे। फोड़े-फुंसी, कीड़े के काटने, चोट या घाव होने पर काली हल्दी को पीसकर लेप बनाया जाता था, जिससे जल्दी आराम मिलता था। सरसों के तेल के साथ इसे हल्का गर्म करके लगाने की परंपरा भी रही है।
काली हल्दी सिर्फ दवा के रूप में ही नहीं, बल्कि पूजा-पाठ और आध्यात्मिक कार्यों में भी खास मानी जाती है। तांत्रिक विद्या और लक्ष्मी पूजा में इसका विशेष महत्व बताया गया है। पुराने लोग मानते थे कि यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और घर में सकारात्मकता लाती है। इसी कारण इसे ताबीज या पूजा की वस्तु के रूप में भी रखा जाता था। हालांकि आज के समय में इसके आध्यात्मिक उपयोग से ज्यादा इसके औषधीय गुणों पर ध्यान दिया जा रहा है।
आजकल काली हल्दी कम दिखाई देती है, क्योंकि यह आसानी से उपलब्ध नहीं है और इसे उगाने में समय लगता है। आधुनिक दवाओं के आने के बाद लोग पारंपरिक जड़ी-बूटियों से भी दूर हो गए हैं। फिर भी, अब धीरे-धीरे लोग इसके महत्व को दोबारा समझने लगे हैं।

# उबले आलू में छिपा है सेहत का खजाना

भारतीय रसोई में सब्जी, पराठा, चाट से लेकर स्नैक्स तक सब में आलू का उपयोग होता है। व्रत में भी लोग आलू से तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन बनाते हैं, लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि आलू आपकी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है, खासकर उबले आलू? आयुर्वेद की मानें तो जब आलू को उबालकर खाया जाता है, तो इसके फायदे और बढ़ जाते हैं। उबले आलू में मौजूद पोषक तत्व शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ कई बीमारियों से बचाने में भी मदद करते हैं। अगर पोषण की बात करें तो 100 ग्राम उबले आलू में लगभग 87–90 कैलोरी, 20 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 2 ग्राम प्रोटीन और लगभग 2 ग्राम फाइबर होता है। इसके अलावा, इसमें विटामिन सी और पोटैशियम भी भरपूर मात्रा में होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने, त्वचा को बेहतर बनाने और दिल की सेहत संभालने में मदद करते हैं। खासकर पोटैशियम ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में काफी अहम भूमिका निभाता है। उबला आलू खाने से पेट जल्दी भरता है और लंबे समय तक भूख भी नहीं लगती, जिससे वजन कंट्रोल में मदद मिलती है।
आयुर्वेद में आलू का स्वाद मीठा माना गया है और इसका प्रभाव ठंडा होता है। इसे भारी और थोड़ा तैलीय गुणों वाला माना गया है, इसलिए ज्यादा मात्रा में खाने से कफ और वात बढ़ सकता है, लेकिन संतुलित मात्रा में उबला आलू सात्विक, सुपाच्य और शरीर को ऊर्जा देने वाला भोजन माना जाता है। तले हुए आलू की तुलना में उबला आलू आयुर्वेदिक दृष्टि से कहीं ज्यादा हल्का और फायदेमंद माना गया है।
उबले आलू के कई घरेलू उपाय भी हैं। पेट में जलन हो तो इसका हल्का सूप राहत देता है। उबले आलू का पेस्ट चेहरे पर लगाने से त्वचा को नमी मिलती है और चमक बढ़ती है। कमजोरी में उबले आलू में थोड़ी काली मिर्च और नींबू डालकर खाना अच्छा रहता है। बुखार या थकान के समय भी यह पेट पर हल्का पड़ता है और ऊर्जा प्रदान करता है।



हालांकि, उबले आलू को तलने या बहुत मसाले डालने से इसके फायदे कम हो जाते हैं। डायबिटीज वाले लोगों को सीमित मात्रा में ही आलू का सेवन करना चाहिए।



# रक्त संचार बेहतर कर भरपूर एनर्जी देता है वृश्चिकासन, अभ्यास से मिलते हैं कई लाभ

**व्यस्त** दिनचर्या और कार्य का बढ़ता तनाव शरीर के साथ-साथ मन को भी शीघ्र बीमारियों की चपेट में ले लेता है। इन समस्याओं से छुटकारा पाने का सबसे प्रभावी तरीका है योगासनों को दिनचर्या में शामिल करना। ऐसा ही एक बेहतरीन आसन है वृश्चिकासन, जिसे स्कॉर्पियन पोज भी कहा जाता है। इस आसन के अभ्यास के दौरान शरीर बिच्छू की आकृति जैसा बन जाता है। इसके अभ्यास से शारीरिक मजबूती, लचीलापन और मानसिक शांति मिलती है। मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा के अनुसार, वृश्चिकासन के रोजाना अभ्यास से शरीर को एक-दो नहीं, कई लाभ मिलते हैं।
वृश्चिकासन या स्कॉर्पियन पोज एक इनवर्टेड बैकबेंड आसन है, जिसमें कोहनियों पर संतुलन बनाते हुए पैरों को सिर की ओर झुकाया जाता है। यह आसन कंधों, बाजुओं, पीठ और कोर मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। योग एक्सपर्ट बताते हैं कि इससे रीढ़ की हड्डी का लचीलापन बढ़ता है, जिससे कमर दर्द और पीठ की समस्याओं में राहत मिलती है। साथ ही, यह पेट की मांसपेशियों को खींचता है, पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। वृश्चिकासन एकाग्रता और संतुलन भी बढ़ाता है। यह मस्तिष्क में रक्त संचार सुधारता है, जिससे स्मरण शक्ति और फोकस बेहतर होता है। नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आसन हृदय के लिए भी लाभकारी है, क्योंकि इनवर्टेड पोजिशन में रक्त प्रवाह संतुलित होता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि इस आसन को करने के लिए सबसे पहले मयूरासन की स्थिति में आएं। कोहनियों को कंधों के नीचे रखें और हथेलियों से जमीन को पकड़ें। शरीर को ऊपर उठाते हुए पैरों को सीधा रखें। अब धीरे-धीरे रीढ़ को झुकाते हुए पैरों को सिर की ओर लाएं, ताकि पैरों की उंगलियां सिर को छूने की कोशिश करें। संतुलन बनाए रखें और गहरी सांस लें। शुरुआत में 10-20 सेकंड तक रुकें, फिर धीरे-धीरे समय बढ़ाएं। अभ्यास के बाद शवासन या बालासन में विश्राम करें। वृश्चिकासन उन्नत आसन है, इसलिए शुरुआती लोग योग प्रशिक्षक की देखरेख में ही करें। एक्सपर्ट बताते हैं कि कुछ सावधानियां जरूर बरतनी चाहिए। जैसे हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, चक्कर आने की समस्या, गर्भावस्था या पीठ-कमर में चोट वाले लोग इसे न करें। वार्म-अप जरूर करें, जैसे डॉल्फिन पोज या प्लैंक। अगर गर्दन या कंधों में दर्द हो तो न करें। गलत तरीके से करने पर चोट लग सकती है।

# हयग्रीव माधव मंदिर : भगवान विष्णु को अर्पित किए जाते हैं कछुए



**नई दिल्ली।** सृष्टि को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने 10 बार अवतार लिया। भगवान विष्णु ने समुद्र मंथन के दौरान कछुए बनकर सृष्टि का उद्धार किया तो राक्षसों का वध करने के लिए मत्सय अवतार लिया। भगवान विष्णु के अलग-अलग रूपों को देश भर में पूजा जाता है, लेकिन असम में भगवान विष्णु एक अनोखे रूप में विराजमान हैं, जहां उनका सिर घोड़े का और नीचे का हिस्सा मानव शरीर का है। यह मंदिर हिंदुओं की आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि बौद्ध धर्म के लिए भी आकर्षण का केंद्र है।
असम के हाजो की हरी-भरी पहाड़ियों के बीच भगवान विष्णु के हयग्रीव अवतार को समर्पित हयग्रीव माधव मंदिर है, जिसे 100 साल से भी पुराना बताया जाता है। यह प्राचीन मंदिर हिंदू और बौद्ध दोनों के लिए असीम आध्यात्मिक महत्व रखता है और तीर्थयात्रियों और यात्रियों को समान रूप से आकर्षित करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हिंदू धर्म के लोगों का मानना है कि यहां भगवान ने मधु और कैटव नाम के राक्षस को मारने के लिए हयग्रीव अवतार लिया था। मधु और कैटव नाम के राक्षसों की उत्पत्ति भगवान विष्णु के कानों की गदंगी से हुई थी, जबकि बौद्ध धर्म के लोगों का मानना है कि इसी स्थान पर महात्मा बुद्ध ने निर्वाण प्राप्त किया था।
यही कारण है कि मंदिर दोनों धर्मों के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है।
मंदिर में सदियों से एक अनोखी परंपरा का पालन होता आया है, जिसमें मंदिर में भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए काले मुलायम खोल वाले कछुए अर्पित किए जाते हैं। मंदिर में एक मीठे पानी का तालाब बना है, जहां भक्त कछुओं को छोड़ देते हैं। मनोकामना पूरी होने के बाद भक्त कछुए प्रसाद स्वरूप लेकर आते हैं, लेकिन विडंबना ये है कि काले मुलायम खोल वाले कछुए संरक्षित श्रेणी में आते हैं, जो तेजी से विलुप्त हो रहे हैं। पर्यावरणविदों का मानना है कि भक्तों का जंगलों से कछुए लाकर मंदिर में चढ़ाना प्रकृति के साथ खिलवाड़ के जैसा है। हालांकि, इस परंपरा का निर्वाहन आज भी हो रहा है।
हयग्रीव माधव मंदिर में जटिल नक्काशी और मूर्तियां हैं, जो मनमोहक पौराणिक कथाओं को बयां करती हैं और विभिन्न देवी-देवताओं को दर्शाती हैं। गर्भगृह में मुख्य रूप से भगवान विष्णु के हयग्रीव अवतार की प्रतिमा का पूजन होता है और प्रसाद स्वरूप दाल, चावल और कद्दू की सब्जी अर्पित की जाती है।
मंदिर के निर्माण को लेकर कई तरह की बातें कही जाती हैं। कुछ लोगों का मानना है कि मंदिर का निर्माण राजा रघुदेव नारायण ने 1583 में करवाया था, जबकि कुछ इतिहासकारों का मानना है कि मंदिर को पाल वंश के राजाओं ने अपने समय में बनवाया था।



# टकी भर सेंधा नमक दिलाएगा कई परेशानियों से छुटकारा, जानें सेवन का सही तरीका

**नमक** के बिना भोजन बेस्वाद लगता है। सब्जी हो या कोई भी चटपटी चीज, नमक का होना बहुत जरूरी है। ज्यादातर घरों में बाजार में बिकने वाले आयोडीन नमक का इस्तेमाल होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्राकृतिक रूप से मिलने वाला सेंधा नमक या रॉक सॉल्ट बहुत सारे खनिज और लवणों से भरपूर होता है, जो शरीर को अनगिनत फायदे देता है। सेंधा नमक या रॉक सॉल्ट प्रकृति की देन है।
ये स्वाद में आयोडीन नमक की तुलना में कम नमकीन होता है। दिखने में हल्का गुलाबी और कभी सफेद रंग में भी मिल जाता है। सेंधा नमक में सोडियम, क्लोराइड, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, ब्रोमाइन और फ्लोराइन जैसे खनिज पाए जाते हैं और शरीर के पूरे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। आज हम आपको सेंधा नमक से मिलने वाले फायदों के बारे में बताएंगे। सेंधा नमक के सेवन से पाचन में होने वाली परेशानी दूर होती है। अगर खाना ठीक से पचता नहीं है या पाचन अग्नि कमजोर है तो सेंधा नमक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ये नमक पाचन रस के निर्माण में मदद करता है, जिससे भोजन पेट में सड़ता नहीं, बल्कि अच्छे से पच जाता है। सर्दी की वजह से होने वाले जुकाम और खांसी की परेशानी में भी सेंधा नमक लाभकारी है।
यह भीतर जमा कफ को तोड़ता है और जुकाम से आराम देता है। इसके लिए सेंधा नमक को हल्दी के साथ या अदरक के साथ लिया जा सकता है। इसके अलावा, शरीर के किसी भी हिस्से में होने वाली सूजन से भी सेंधा नमक आराम दिलाता है।
इसका सेवन अंदरूनी सूजन को कम करता है और अगर शरीर के बाहरी हिस्से में सूजन है, तो उसे सेंधा नमक के पानी के साथ सेंका जा सकता है। बीपी से पीड़ित मरीज भी सेंधा नमक का सेवन सीमित मात्रा में कर सकते हैं। अगर सीमित मात्रा में नमक का सेवन किया जाए, तो ये बीपी और रक्त संचार को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है। अगर ब्लड सर्कुलेशन सही ढंग से होता है, तो दिल की उम्र बढ़ती है।
सेंधा नमक का इस्तेमाल दांतों से जुड़ी परेशानियों में किया जाता है। अगर मसूड़ों में सूजन है, खून आता है या दांत कमजोर हैं, तो हल्दी, सरसों का तेल और सेंधा नमक के साथ मसूड़ों की मालिश करें। इससे सूजन कम होगी और खून भी नहीं आएगा। अब बात करते हैं कि किन लोगों को सेंधा नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं, थायरायड के मरीजों और किडनी की बीमारी से ग्रस्त मरीजों को सेंधा नमक का सेवन नहीं करना चाहिए।
सेंधा नमक में सोडियम ज्यादा होता है और आयोडीन कम। गर्भवती महिलाओं और थायरायड के मरीजों के लिए आयोडीन बहुत जरूरी है, जबकि किडनी की बीमारी से ग्रस्त मरीजों को सोडियम से बचना चाहिए।

## प्रशासन नींद में... नगर निगम की निष्क्रियता से परेशान लोगों ने खुद हटाईं अवैध फड़ियां, कार्रवाई न होने पर धरने की चेतावनी



# अतिक्रमण से सड़कें जाम, मोहल्ले वालों ने हटवाई फड़ियां

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में अतिक्रमण की समस्या अब इतनी गंभीर हो चुकी है कि आम लोग खुद सड़क पर उतरकर कार्रवाई करने लगे हैं। जोधेवाल बस्ती, राहों रोड़, शिवपुरी, चौड़ा बाजार से लेकर काराबारा और बहादुर के रोड तक अवैध रेहड़ी-फड़ियों ने सड़कों को लगभग कब्जा लिया है। बार-बार शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस हैं। स्मार्ट सिटी और वर्ल्ड-क्लास सड़कों के दावे कागजों तक सिमटे नज़र आते हैं। अवैध कब्जों के कारण ट्रैफिक रेंगने लगता है और कई बार फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस को भी रास्ता नहीं मिलता। जनरल हाउस की बैठकों में यह मुद्दा कई बार उठा, लेकिन शहर में कोई स्थायी सुधार नहीं दिखा।







### मोहल्ले वालों ने खुद उठवाई फड़ियां

*मामला बहादुर के रोड का है, जहां अतिक्रमण से परेशान लोगों ने खुद कमान संभाली और सड़क किनारे लगी अवैध फड़ियों को हटवाना शुरू कर दिया। निवासियों का कहना है कि निगम, पार्षद और विधायक सबको शिकायतें दीं, पर सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर खुद मैदान में उतरना पड़ा। रतन वड़ैच, गुरमैल सिंह जज्जी, अमरीक सिंह, चरणजीत सिंह सोढ़ी और अपार फौजी ने बताया कि काराबारा चौक से बहादुर के रोड तक का रास्ता मुख्य मार्ग है, जहां से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का रोज आना जाना रहता है। अतिक्रमण के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि इलाके में एशिया की सबसे बड़ी सब्ज़ी मंडी और इंडस्ट्री एरिया है। फैक्ट्रियां ज्यादा होने से आग लगने के मामले भी सामने आते रहते हैं, लेकिन कब्जों के कारण राहत वाहन फंस जाते हैं।*

### विधायक की रोकी गाड़ी, मौके पर सुनी समस्या

*इसी दौरान हलका पूर्वी के विधायक दलजीत सिंह भोला वहां से गुजर रहे थे। मोहल्ला निवासियों ने उनकी गाड़ी रोककर समस्या बताई। विधायक ने तुरंत तहबजारी विभाग को कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही और आश्वासन दिया कि आगे से शिकायतों का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।*

### तहबजारी विभाग की सफाई

*ज़ोन-ए और बी तहबजारी विभाग के इंपेक्टर विपिन हांडा और सुनील कुमार ने बताया कि पिंक प्लाज़ा, फील्ड गंज, चौड़ा बाजार और श्मशानघाट क्षेत्रों में कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बहादुर के रोड पर भी जल्द कार्रवाई होगी, लेकिन इसके लिए लोगों का सहयोग जरूरी है।*

### चेतावनी- कार्रवाई नहीं हुई तो धरना देंगे

*मोहल्ले के निवासियों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर काराबारा से बहादुर के रोड तक अवैध रेहड़ी-फड़ियों पर कार्रवाई जल्द नहीं हुई, तो वे रविवार को धरना देंगे। उनका कहना है कि अब धैर्य की सीमा खत्म हो चुकी है और परेशानी रोज-रोज बढ़ रही है।*

### बड़ा सवाल- कब रुकेगा अतिक्रमण?

*शहरवासियों का कहना है कि कार्रवाई होती भी है तो कुछ दिनों बाद फिर से कब्जे लौट आते हैं। इससे ट्रैफिक जाम, हादसे और इमरजेंसी सेवाओं में देरी जैसी समस्याएं बनी रहती हैं। लुधियाना में स्मार्ट सिटी के नाम पर योजनाएं तो बन रही हैं, लेकिन जमीन पर असर दिखाना अब सबसे बड़ी चुनौती है।*

# समराला रोड पर कोहरे में हुआ भीषण हादसा, युवक की मौत, शराब से भरी कार छोड़कर फरार हुए सवार

समर न्यूज़ | समराला



घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी शून्य होने से समराला–चंडीगढ़–लुधियाना रोड पर सुबह सड़क हादसा हुआ। भरथला रोड के नजदीक वरना कार और निजी बस की आमने-सामने टक्कर में मोटरसाइकिल सवार तीन लोग भी चपेट में आ गए थे। हादसे में एक युवक की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि दो घायलों को गंभीर हालत में चंडीगढ़ रेफर किया गया है। हादसे के तुरंत बाद तीनों घायलों को समराला के सिविल अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में तैनात डॉक्टर गगनदीप ने बताया कि मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार थे, जिनमें से एक युवक सलीन खान, निवासी जगराओं मंडी, को मृत घोषित कर दिया गया। बाकी दो घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। इससे पहले हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी और यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही समराला पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अत्यधिक कोहरे के कारण वाहन चालकों को सामने से आ रहे वाहनों का अंदाजा नहीं हो पाया, जिसके चलते यह भीषण टक्कर हुई। पुलिस को दुर्घटनास्थल से वरना कार में बड़ी संख्या में देसी शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं।

कार शराब की पेटियों से भरी हुई थी, जबकि कार सवार हादसे के बाद वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। समराला थाना प्रभारी (एसएचओ) हरविंदर सिंह ने बताया कि घने कोहरे के कारण सड़क हादसों का खतरा काफी बढ़ गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोहरे के दौरान सावधानी बरतें और धीमी गति से वाहन चलाएं। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कर दिया है। मामले की जांच जारी है।





*लुधियाना | लुधियाना ताजपुर डेयरी कॉम्प्लेक्स मेन रोड में सड़क पर झूलती बिजली की तारें, हादसे को दावत। लुधियाना के ताजपुर रोड पर डेयरी कॉम्प्लेक्स के नजदीक बिजली की तारे जमीन के करीब लटकती दिखीं, जिससे राहगीरों, दोपहिया चालकों और आसपास के दुकानदारों में डर का माहौल है। हाल के महीनों में लुधियाना में तार/खंभों से जुड़े हादसों की घटनाएं सामने आई हैं, जो मौजूदा स्थिति की गंभीरता को दर्शाती हैं।*
**-लक्की भट्टी**

## न्यू माधोपुरी में हौजरी कारोबारी से लाखों की ठगी, मामला दर्ज

समर न्यूज़ | लुधियाना

न्यू माधोपुरी इलाके में एक हौजरी फैक्टरी में काम करने वाले पुरुष और महिला कर्मचारी ने मिलकर अपने ही मालिक को लाखों रुपये का चूना लगा दिया। आरोप है कि दोनों कर्मचारियों ने व्यापारियों से आने वाली भुगतान राशि को धोखे से अपने-अपने बैंक खातों में डलवा लिया। पीड़ित हौजरी कारोबारी मुकेश कपूर ने इस संबंध में थाना डिवीजन नंबर-3 की पुलिस को शिकायत दी है। पीड़ित के अनुसार उनकी न्यू माधोपुरी क्षेत्र में हौजरी फैक्टरी है, जहां सर्दियों का माल तैयार किया जाता है। देश के विभिन्न राज्यों से व्यापारी उनसे माल खरीदते हैं और भुगतान करते हैं। मुकेश कपूर ने बताया कि उनकी फैक्टरी में काम करने वाले नीतिश गंभीर और मधु चावला अकाउंट से जुड़ा काम संभालते थे और उन्हें व्यापारिक लेनदेन की पूरी जानकारी थी। आरोप है कि दोनों ने मिलकर उन्हें गुमराह किया और व्यापारियों से आने वाली नकद और अन्य भुगतान राशि सीधे अपने खातों में डलवा ली, जिससे कारोबारी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार खंभे से टकराई, पूरे इलाके में बिजली बंद

समर न्यूज़ | लुधियाना

ग्यासपुरा इलाके में लोहारा रोड पर देर रात एक तेज रफ्तार कार ने बिजली के खंभे को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि 11 केवी हाईटेंशन लाइन का खंभा दो हिस्सों में टूट गया और तेज धमाके के साथ आसपास के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। यह हादसा शनिवार रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच हुआ। टक्कर के बाद पूरे इलाके में अंधेरा छा गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और कार चालक बाल-बाल बच गया।

## तेज रफ्तार ऑडी बेकाबू, नींव पत्थर से टकराई; ड्राइवर फरार

### हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त, एयरबैग खुलने से टली जनहानि

समर न्यूज़ | लुधियाना





लुधियाना के सबसे पॉश और व्यस्त इलाकों में शामिल मल्हार रोड पर रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार ऑडी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे नींव पत्थर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पत्थर के टुकड़े-टुकड़े हो गए और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चंडीगढ़ नंबर की ऑडी कार अचानक संतुलन खो बैठी और सड़क किनारे लगे पत्थर से जा भिड़ी। हादसे के दौरान जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर दहशत में आ गए।

गनीमत रही कि कार के एयरबैग समय पर खुल गए, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही पीसीआर टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब टीम घटनास्थल पर पहुंची तो कार लावारिस हालत में खड़ी मिली। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी ड्राइवर को वाहन से बाहर निकलते नहीं देखा।

आशंका जताई जा रही है कि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक, वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिक का पता लगाया जा रहा है। इसके साथ ही मल्हार रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दुर्घटना तेज रफ्तार के कारण हुई या किसी अन्य वाहन की भी इसमें भूमिका थी। मामले की जांच जारी है।

## गर्भवती की मौत पर NCW सख्त, DGP से मांगी रिपोर्ट

समर न्यूज़ | लुधियाना

डाबा थाना क्षेत्र की राजा कॉलोनी में 8 महीने की गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए पंजाब डीजीपी को पत्र लिखा है। आयोग ने निष्पक्ष व समयबद्ध जांच, आरोपी पर कड़ी कार्रवाई, सबूत सुरक्षित रखने, पीड़ित परिवार को कानूनी सहायता व मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं और 5 दिन में एक्शन-टेकन रिपोर्ट मांगी है। जांच में पति अजय कुमार द्वारा नशे में पिटाई की पुष्टि हुई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**निर्देश** | लुधियाना में देर रात रेस्टोरेंट पार्टियों पर रोक

# तय समय बाद शराब परोसने पर एफआईआर दर्ज होगी: उपायुक्त

समर न्यूज़ | लुधियाना

शहर में बढ़ती अनुशासनहीनता और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने देर रात रेस्टोरेंट्स में होने वाली पार्टियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रशासन द्वारा जारी नई एडवाइजरी के तहत रेस्टोरेंट मालिकों और ग्राहकों दोनों के लिए सख्त नियम तय किए गए हैं। तय समय के बाद शराब परोसने पर पूरी तरह रोक रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने बताया कि शहर में युवाओं को गलत रास्ते पर जाने से रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है।

इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो अलग-अलग इलाकों में अचानक निरीक्षण और छापेमारी करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वाले रेस्टोरेंट मालिकों और संबंधित वयस्कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और जरूरत पड़ने पर लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि यह




कदम शहर के हित में उठाया गया है और इसे सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। प्रशासन का मानना है कि देर रात पार्टियों, तेज संगीत और अनियंत्रित शराब परोसने से न केवल कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि युवा वर्ग भी गलत दिशा में जा सकता है।

प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार, 25 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को शराब परोसना सख्त मना है। रेस्टोरेंट निर्धारित समय के बाद संचालित नहीं किए जाएंगे। किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत शराब परोसना बंद कर पुलिस को सूचना देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा फर्जी आईडी के इस्तेमाल पर सख्त रोक लगाई गई है।

एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि निर्धारित समय के बाद तेज संगीत और पार्टियों का आयोजन नहीं किया जाएगा। किसी भी कार्यक्रम के आयोजन से पहले प्रशासन से अनुमति लेना जरूरी होगा। प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा है कि नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और शहर में अनुशासन बनाए रखने के लिए सख्ती आगे भी जारी रहेगी।

## एटीएम लूट का मामला... कियोस्क में नहीं लगा था सीसीटीवी, 20 लाख लूटे, जालंधर की ओर भागे लुटेरे

समर न्यूज़ | लुधियाना

तड़के कैलाश नगर में एक्सिस बैंक के एक एटीएम से लाखों रुपये की लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के बाद एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, लुटेरे एटीएम से करीब 20 लाख रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद आरोपी स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर जालंधर की ओर भाग निकले। पुलिस जांच में सामने आया है कि जिस एटीएम कियोस्क को निशाना बनाया गया, वहां न तो कोई सीसीटीवी कैमरा लगा था और न ही कोई सुरक्षा गार्ड तैनात था। इस बड़ी लापरवाही के चलते एटीएम पूरी तरह असुरक्षित था। आसपास लगे कुछ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दो लोग एटीएम से बाहर निकलते हुए नजर आए हैं, हालांकि पुलिस का अनुमान है कि लुटेरों की संख्या चार से पांच हो सकती है। पुलिस के अनुसार आरोपी एक सफेद मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार में एटीएम पहुंचे थे। उन्होंने देखा कि कियोस्क का मुख्य शटर बंद तो था, लेकिन उसमें कुंडी नहीं लगी थी और परिसर पूरी तरह गार्ड रहित था। हालात का फायदा उठाते हुए लुटेरों ने गैस कटर का इस्तेमाल कर एटीएम मशीन को काट डाला और कुछ ही मिनटों में कैश ट्रे निकालकर फरार हो गए। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि एटीएम में महज दो दिन पहले ही कैश डाला गया था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि नुकसान कई लाख रुपये तक का हो सकता है। हालांकि चोरी गई सटीक राशि की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रात के समय एक राहगीर ने पुलिस कंट्रोल रूम को संदिग्ध गतिविधि की सूचना दी थी।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 114